* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 173

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


देश में पहली बार चली अंडर वाटर ट्रेनः कोलकाता में हुगली नदी के नीचे से होते हुए हावड़ा पहुंची मेट्रो











## मनी लांड्रिंग : आलोक से पूछताछ में खुलेंगे कई राज

# आइएएस पूजा सिंघल ने किया सरेंडर, गयी जेल

- निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा ने इडी कोर्ट में किया सरेंडर
- चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक से होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि बुधवार को पूरी हो गयी। इसके बाद उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। पूजा को कोर्ट से जेल भेज दिया गया है। पूजा सिंघल मरनेगा घोटाले में आरोपित हैं। पिछले दिनों मनी लांड्रिंग मामले में भी उन पर आरोप गठित हुआ है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है। उधर, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद बुधवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आलोक को एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इडी के अधिकारी अब उससे पूछताछ करेंगे। इडी की पूछताछ में कई राज खुलने की उम्मीद जतायी जा रही है।



### आज सुप्रीम कोर्ट में जमानत पर सुनवाई

गौरतलब है कि पूजा सिंघल को फरवरी महीने में उनकी बेटी के मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। उन्होंने इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन भी दाखिल किया था। इडी कोर्ट ने 3 अप्रैल को पूजा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। इस बीच उनके सरेंडर करने के बाद अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। पूजा सिंघल पर मनी लांड्रिंग मामले में भी आरोप गठित किया गया है। इडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप तय किया था। इडी के अधिकारी एक बार फिर उनसे पूछताछ कर सकेंगे।

### आलोक एक दिन की रिमांड परः

जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की 11 अप्रैल को गिरफ्तारी के बाद उसे इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को पेश किया गया। इस दौरान इडी ने कोर्ट से आलोक रंजन से पूछताछ करने के लिए रिमांड मांगी। रिमांड पर बहस के बाद कोर्ट ने इडी को आलोक रंजन से पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड दे दी है। फिलहाल आलोक रंजन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि इडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात के अलावा देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये थे। कोर्ट ने इडी को वीरेंद्र राम से भी पूछताछ करने की मंजूरी दी है। इन दोनों से पूछताछ में कई अहम जानकारियों के खुलासे की उम्मीद है।

# गहलोत मेरे मित्र, काम के लिए हम पर भरोसा जताया : मोदी

- राजस्थान को पहली वंदे भारत मिली, प्रधानमंत्री ने दिखायी झंडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान को बुधवार को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखा कर इसे रवाना किया। जयपुर स्टेशन पर हुए उद्घाटन समारोह को प्रधानमंत्री ने दिल्ली से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। मोदी ने अपने संबोधन में राजस्थान कांग्रेस में चल रही तनातनी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में, वह अनेक संकटों से गुजर रहे हैं, इसके बाद भी विकास के काम के लिए समय निकाल कर आये। रेलवे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मोदी ने गहलोत से कहा कि आपके दोनों हाथ में लड्डू है। रेल मंत्री राजस्थान से हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। जो काम आजादी के तुरंत बाद हो जाने थे, 70 साल बाद उनके लिए आप मुझ पर इतना भरोसा कर रहे हैं, यही मेरी मित्रता की ताकत है।प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोगों को स्थायी सरकार मिली, उसके बाद रेलवे में तेजी से बदलाव शुरू हुए। वंदे भारत ट्रेन से जयपुर, दिल्ली आना-जाना आसान हो जायेगा। यह ट्रेन राजस्थान के टूरिज्म को भी मदद करेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद ये पहला मौका है, जब देश का रेल मंत्री राजस्थान से हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के भाषण पर मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर उनके बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज अगर आधुनिक ट्रेन चल पा रही है, क्योंकि डॉक्टर मनमोहन सिंह जी ने वित्त मंत्री के तौर पर आर्थिक उदारीकरण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह भाषण लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए दिया है।

## कितने भूखंड व्यावसायिक बना कर बेचे गये, कितने पर अवैध कब्जाः हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाउसिंग बोर्ड के आवासों और जमीन पर अवैध कब्जा की रिपोर्ट मांगी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने दो सप्ताह में शपथपत्र के माध्यम से सभी जानकारी देने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड से पूछा है कि कितने भूखंड को व्यावसायिक बना कर बेचा गया है। कितने घरों में अवैध कब्जा है। इस संबंध में सुनील चौधरी ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में हाउसिंग बोर्ड के उस आदेश को चुनौती दी गयी है, जिसमें कहा गया है कि आवास बोर्ड के घरों में अवैध रूप से रहनेवालों को नियमित किया जायेगा।






## विपक्षी एकताः नीतीश, राहुल और तेजस्वी की खड़गे के घर पर हुई मुलाकात

# एकजुटता की बात, लेकिन पीएम चेहरे पर चुप्पी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान खड़गे के साथ ही मौजूद रहे। बैठक में विपक्षी एकजुटता पर बात हुई, लेकिन प्रधानमंत्री के चेहरे की बात पूछने पर चुप्पी साध ली गयी। विपक्षी एकता पर तेजस्वी को छोड़ कर सभी ने अपनी बात रखी। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी दल इस महीने के अंत में एक और बैठक करेंगे। इस दौरान खड़गे और नीतीश सभी से बात करेंगे।

### एकजुटता दिखा कर लड़ना हैः खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी पार्टियों को आगे जो चुनाव आयेंगे, उसमें एकजुटता दिखा कर लड़ना है, यह बैठक में तय हुआ है। हम सब उसी रास्ते पर काम करेंगे। तेजस्वी, नीतीश सभी हमारे नेता जो यहां बैठे हैं, हम सब उसी लाइन पर काम करेंगे।

### नीतीश-राहुल ने जोड़ लिये हाथ और उठ कर चल दिये

नयी दिल्ली। दिल्ली में विपक्षी एकता की कवायद में जुटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सामने जब प्रधानमंत्री के चेहरे का सवाल आया तो दोनों नेता सकपका गये। दोनों नेताओं ने हाथ जोड़ लिये। किसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने थैंक्यू-थैंक्यू कहते हुए इस सवाल को टाला।

### गठबंधन को एकजुट करने का प्रयासः नीतीश

नीतीश कुमार ने कहा कि गठबंधन को एकजुट करने का प्रयास किया गया है। हम सब साथ बैठेंगे और चीजों को तय किया गया है। हम लोगों की इस पर अंतिम तौर पर बात हो गयी है। जितने लोग हमारे साथ सहमत होंगे, हम उनके साथ भी बात करेंगे। साथ में बैठने तो दीजिए, हम लोगों को।

### विपक्ष का नजरिया विकसित करेंगेः राहुल

इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि जो नीतीश ने कहा कि विपक्ष को एक करने में बहुत ऐतिहासिक कदम लिया गया है। कितनी विपक्षी पार्टियों को इकट्ठा करना है। ये एक प्रक्रिया है। विपक्ष का जो भी नजरिया है, उसे हम विकसित करेंगे और जो भी पार्टियां विचारधारा की लड़ाई में साथ आना चाहती हैं, उसको लेकर चलेंगे। जो संस्थानों पर आक्रमण हो रहा है, देश पर आक्रमण हो रहा है, उसके खिलाफ हम लड़ेंगे।

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, चार जवानों की मौत



**बठिंडा (आजाद सिपाही)।** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में बुधवार सुबह हुई फायरिंग में सेना के चार जवानों की मौत हो गयी। ये जवान 80 मीडियम रेजिमेंट के थे और ऑफिसर्स मेस में गार्ड ड्यूटी पर तैनात थे। आर्मी ने कहा कि फायरिंग सुबह 4:35 बजे हुई। पुलिस और सेना की टीमें मिल कर इसकी जांच कर रही हैं। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि जवानों को इंसास राइफल से गोलियां मारी गयी हैं। पुलिस को मौके से इसके 19 खाली खोल बरामद हुए हैं। गोली मारनेवाले दो लोग सिविल कपड़ों में अंदर आये थे। बठिंडा पुलिस ने इसमें टेरर एंगल से इनकार नहीं किया है। इस घटना से दो दिन पहले यूनिट के गार्ड रूम से इंसास राइफल और गोलियां गायब हुई थीं। पुलिस और आर्मी को इस राइफल का घटना में इस्तेमाल होने का शक है। आर्मी एरिया में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



## राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद नीतीश रेस, विपक्षी एकता की धुरी बनने को हैं बेकरार

# सवाल अटक रहा वहीं-कौन बनेगा विपक्ष का कप्तान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की मुहिम में फिर से जुट गये हैं। नीतीश कुमार ने दूसरी बार नये सिरे से विपक्षी एकजुटता की कोशिशें शुरू कर दी हैं। नीतीश इसलिए भी बैटिंग करने उतरे हैं, क्योंकि राहुल गांधी की सांसदी चली गयी है। सो नितीश को लगता है कि यह एक सुनहरा अवसर भी है खुद को विपक्षी एकता की धुरी साबित करने का। कहीं न कहीं उनके दिल के किसी कोने में यह बात हिलोरे मारने लगी है कि उनका सपना पूरा हो जायेगा। इसी चाहत को पूरा करने औरबिखरे विपक्ष को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने के लिए वह इस समय दिल्ली यात्रा पर हैं। उनका यह दौरा सियासी नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि उनकी इस यात्रा से पिछले कुछ दिनों से ठंडी पड़ चुकी विपक्ष की खिचड़ी एक बार फिर उबलने लगेगी। वैसे देखा जाये, तो जैसे-जैसे मोदी का कद बढ़ रहा है, वैसे-वैसे विपक्ष की खिचड़ी का पतीला भी पेड़ की ऊपरी डाल पर शिफ्ट होता जा रहा है। पतीले तक आंच अभी पहुंच नहीं पा रही है। इस आंच में विपक्ष को कई राज्यों से लकड़ियों को जुटाना होगा, तभी उनकी खिचड़ी सही तरीके और समय से पक सकेगी। वैसे कुछ लकड़ियां ऐसी भी हैं, जो खिचड़ी को जला देने का माद्दा रखती हैं, क्योंकि उन लकड़ियों की चाहत है हरा भरा पेड़ बनने की। नीतीश कुमार ने अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान बिहार की सत्ता में अपने सहयोगी बड़े भाई राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की। उसके बाद नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव बुधवार को कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे। राहुल गांधी भी इस दौरान वहां मौजूद थे। तस्वीरें भी खिंचायी गयीं। प्रेस कांफ्रेंस भी हुआ। देखा जाये, तो हाल के दिनों में अडाणी प्रकरण और राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किये जाने के मुद्दों को लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी के साथ नीतीश की मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नीतीश की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि राहुल गांधी के अनिश्चित राजनीतिक भविष्य के कारण अब नीतीश को लग रहा है कि वह विपक्षी एकता के पोस्टर बॉय बन सकते हैं। लेकिन उनके सामने केजरीवाल, ममता बनर्जी और केसीआर जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों की मंजूरी लेने की चुनौती भी है। ऐसे में नीतीश की दिल्ली यात्रा पर देश भर की निगाहें जमी हुई हैं। उनके इस सियासी पर्यटन का विश्लेषण कर रहे हैं ***आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

बिहार की सियासत में भाजपा से नाता तोड़ने और महागठबंधन में वापसी के बाद जदयू का एक ही लक्ष्य दिखायी देता है। उसका लक्ष्य है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का चेहरा बनाना। ऐसे में नीतीश कुमार तीन दिन के दिल्ली दौरे पर पहुंचे हैं और इस दौरान वह विपक्षी एकता की दिशा में नयी इबारत लिखने की कवायद करेंगे। यही वजह है कि नीतीश का इस बार का दिल्ली दौरा राजनीतिक रूप से काफी खास माना जा रहा है।

यह सर्वविदित है कि बिहार में राजनीतिक बदलाव के बाद नीतीश कुमार के सियासी दोस्त और दुश्मन दोनों ही बदल गये हैं। नीतीश के निशाने पर अब भाजपा और पीएम मोदी हैं, तो सहयोगी के तौर पर राजद और कांग्रेस है। लालू यादव से लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक उनके खासमखास बन गये हैं। तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश कुमार कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। दौरे के पहले दिन उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलकात की। बाद में मल्लिकार्जुन के आवास पर तेजस्वी और राहुल गांधी के साथ देखे गये। नीतीश कुमार की विश्व प्रसिद्ध मुस्कान भी उनके चेहरे पर तैर रही थी। लेकिन इस मुस्कान के पीछे कई राज छिपे होते हैं। यह सिर्फ नीतीश को ही पता होता है। लेकिन नीतीश के हाल के दिनों में पलटी मारने की जो छवि बनी है, उससे भी लोग भली भांति अब अवगत हो चुके हैं। तो अब राजनीतिक लोग या यूं कहें राजनीतिक दल अपनी सुरक्षा अपने हाथ वाला फार्मूला अपना कर चलने लगे हैं। फिलहाल नीतीश की दिल्ली यात्रा से सवाल यह पैदा होता है कि जदयू के पूरा जोर लगाने के बाद भी क्या यह इतना आसान होगा कि विपक्ष के तमाम नेता नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर स्वीकार कर लेंगे और क्या विपक्ष के तमाम दलों को एक मंच पर वह साथ ला पायेंगे। यह सवाल इसीलिए अहम है, क्योंकि नीतीश कुमार ही नहीं, बल्कि ममता बनर्जी से लेकर केसीआर और अरविंद केजरीवाल तक 2024 के चुनाव में विपक्ष का चेहरा बनने की कवायद में जुटे हैं और वे एक-दूसरे से खुद को बेहतर बताने में जुटे हैं। नीतीश कुमार से पहले तेलंगाना सीएम केसीआर भी विपक्ष को एकजुट करने के लिए नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव,

**लेकिन केजरीवाल, ममता और केसीआर की सहमति के लिए करनी होगी मशक्कत**

### नीतीश के साथ बैटिंग करने उतरे हैं तेजस्वी भी, राहुल हो रहे हैं उत्साहित



अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव जैसे नेताओं से मिल चुके हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी केसीआर, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव समेत कई नेताओं से मुलाकात कर चुकी हैं। इन सब नेताओं के बीच दो समानताएं हैं। पहला यह कि ये सभी लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देना चाहते हैं और दूसरा यह कि ये सभी कांग्रेस को लेकर असमंजस में हैं। ऐसे में मोदी के खिलाफ 2024 के चुनाव में नीतीश कुमार कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहते हैं। ममता बनर्जी और केसीआर अपने-अपने दिल्ली दौरे के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मेल-मिलाप कर विपक्षी एकता बनाने की पटकथा लिखने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन अभी तक सफल नहीं हो सके हैं। ऐसे में नीतीश कुमार अब पाला बदलने के साथ ही विपक्षी एकजुटता की दिशा में अपने कदम बढ़ा रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए देशभर में विपक्षी दलों को नीतीश कुमार ने एकजुट करने का बीड़ा उठाया है। इसी मकसद से उनके दिल्ली दौरे को देखा जा रहा है।

दिल्ली दौरे से पहले नीतीश कुमार ने जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में सारे संशय दूर करने की कोशिश की। नीतीश कुमार ने बैठक में कहा कि वह अब कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। 2017 में एनडीए में दोबारा से वापस जाना एक बड़ी गलती थी। माना जा रहा है कि नीतीश कुमार ने इस बात का जिक्र कर-के विपक्षी दलों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की है कि वह अब दोबारा से भाजपा से हाथ नहीं मिलायेंगे।

बता दें कि नीतीश कुमार को भले ही सुशासन बाबू के नाम से जाना जाता है, लेकिन उनकी छवि पलटी मारनेवाले नेता की भी रही है। वह भाजपा और महागठबंधन के पाले में आते-जाते रहे हैं, लेकिन इस बार नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से डेढ़ साल पहले पाला बदला है। ऐसे में नीतीश और उनकी पार्टी जदयू के बयानों को मिला दें, तो नीतीश कुमार की सियासी महत्वाकांक्षा साफ झलक रही है।

### विपक्ष के लिए कांग्रेस है जरूरी

जदयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बाद पार्टी के प्रधान महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि बिना कांग्रेस और वामदलों के भाजपा के खिलाफ मजबूत लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है। इसलिए विपक्षी पार्टियों को आपसी मतभेद मिटा कर एक साथ आना होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव चाहते हैं कि भाजपा के खिलाफ जो गठबंधन बने, उसमें कांग्रेस को शामिल नहीं किया जाये, लेकिन जदयू इससे सहमत नहीं है। जदयू का मत है कि देश में कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं है। केसी त्यागी ने हालांकि यह स्पष्ट कर दिया कि जदयू ने 2024 के चुनावों में नीतीश कुमार को प्रोजेक्ट करने के बारे में कभी बात नहीं की। पार्टी ने केवल नीतीश कुमार को विपक्षी एकता की दिशा में काम करने के लिए अधिकृत किया है। ऐसे में साफ है कि दिल्ली दौरे पर पहुंचे नीतीश के एजेंडे में राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, केजरीवाल और विपक्षी दलों के कुछ अन्य नेताओं से मिलना है। इनमें शरद पवार और संजय राउत भी हो सकते हैं। नीतीश की यात्रा के दौरान निगाहें राहुल गांधी से उनकी मुलाकात से ज्यादा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से होनेवाली मुलाकात पर हैं। नीतीश और केजरीवाल की मुलाकात का नतीजा क्या होता है, इस पर विपक्षी एकता का भविष्य काफी हद तक निर्भर करेगा, क्योंकि दोनों ही नेता पीएम पद के लिए दावेदार माने जा रहे हैं। जदयू भले ही नीतीश की विपक्षी चेहरा बनने की दावेदारी को खारिज कर रही हो, लेकिन आम आदमी पार्टी केजरीवाल को 2024 का सबसे मजबूत दावेदार बता चुकी है। केजरीवाल 7 सितंबर से मेक इंडिया नंबर वनअभियान की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसे उनके 2024 के अभियान की शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है। आम आदमी पार्टी बार-बार जोर देकर कहती रही है कि मोदी के खिलाफ केजरीवाल ही सबसे दमदार विकल्प हैं और भाजपा को हराने में आप ही सक्षम है। ऐसी ही बात ममता बनर्जी खेमे से भी की जा रही है।

केजरीवाल सहित दूसरे विपक्षी दलों को नीतीश कुमार विपक्षी एकता में साथ जोड़ने की मुहिम में कामयाब होंगे या नहीं, यह तो आनेवाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ऐसा होना कठिन है। इसकी असली वजह यह है कि अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी खुद को मोदी के विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं। इसके अलावा केजरीवाल और केसीआर तो कांग्रेस नीत वाले किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। केसीआर की पार्टी टीआरएस और कांग्रेस तेलंगाना में आमने-सामने की लड़ाई लड़ रही हैं। ऐसे में कांग्रेस के साथ लिये जाने से केसीआर को अपनी चिंता सता रही है। ऐसे ही केजरीवाल की पार्टी कई राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ लड़ रही है और यदि वह राष्ट्रीय स्तर पर देश की सबसे पुरानी पार्टी से परोक्ष रूप से भी जुड़ती है, तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। आप नेताओं का यह भी कहना है कि उनकी पार्टी देश में एकमात्र गैर-भाजपाई, गैर कांग्रेसी दल है, जिसके पास एक से अधिक राज्यों में सत्ता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की दावेदारी सबसे मजबूत है। ऐसे में नीतीश कुमार कैसे विपक्षी एकता को अमली जामा पहना सकेंगे, यह देखना दिलचस्प होगा।

# बोकारो के इसाई मिशनरी स्कूल में जय श्रीराम बोलने पर बच्चों को सजा

## विश्व हिंदू परिषद ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के लोयला स्कूल में एक छात्र के जय श्रीराम बोलने पर पूरी कक्षा के बच्चों को सजा दी गयी। जय श्रीराम बोलनेवाला यह छात्र दसवीं कक्षा में पढ़ता है। इस स्कूल का संचालन इसाई मिशनरी करती है। यह घटना 5 अप्रैल की है। इसका खुलासा बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के धनबाद विभाग के मंत्री विनय कुमार ने किया। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनय कुमार ने जिला प्रशासन को स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिख फौरन जांच करवा कर कठोतरम कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार के अनुसार लोयला स्कूल में 5 अप्रैल को दसवीं की कक्षा चल रही थी। इस दौरान किसी बच्चे ने जय श्रीराम बोल दिया। इसके बाद शिक्षक ने सजा के तौर पर सभी बच्चों को अगले चार पीरियड के लिए सस्पेंड कर कक्षा से बाहर कर दिया। साथ ही 6 अप्रैल तक के लिए पूरी क्लास को सस्पेंड कर दिया। कुछ अभिभावकों का कहना है कि जय श्रीराम बोलने के लिए कुछ बच्चों से माफीनामा भी लिखवाया गया। डायरी में शिकायत लिख कर माता-पिता को मंगलवार को स्कूल बुलाया गया। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल ने कुछ अभिभावकों को फटकार भी लगायी। इस पर प्रिंसिपल अलिशा मंजुनी ने सफाई दी है। उन्होंने पत्रकारों से कहा है कि छात्रों को अनुशासनहीनता और शिक्षक का आदेश नहीं मानने पर एक दिन के लिए सस्पेंड किया गया था। बच्चों को निलंबित नहीं किया गया।



### झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 29 नये मरीज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 29 नये मरीज सामने आये हैं। संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ कर 99 हो गयी है। इस अवधि में पांच मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कोरोना के दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है।

नये मरीजों में रांची में नौ, देवघर में चार, दुमका में दो, लोहरदगा में चार, वेस्ट सिंहभूम में दो, ईस्ट सिंहभूम में तीन, गढ़वा में एक, हजारीबाग में दो, खूंटी में एक, कोडरमा में एक, लातेहार में एक और रामगढ़ में एक शामिल हैं। इससे पहले रिम्स समेत 312 हॉस्पिटल में कोरोना मॉक ड्रिल कर प्रबंधों का जायजा लिया जा चुका है।

# घेराव मामले में तीन पूर्व सीएम, सांसद सहित 41 पर एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान मचे बवाल को लेकर धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मंगलवार देर रात कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर तीन पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद सहित 41 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इस मामले में अज्ञात हजारों कार्यकर्ताओं को भी आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। धुर्वा थाना में जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, विधायक विरंची नारायण सिंह, पांकी के श्यामनंदन ओझा, शत्रुघ्न सिंह और आरती कुजूर का नाम शामिल है। इसके अलावा जमशेदपुर के प्रदीप मुखर्जी, अनीता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह, अशोक कुमार, रमेश सिंह, रमेश नाथ तिवारी, संजीव कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी, गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी, आनंद यादव, त्रिलोचन कुमार पासवान, संजू पांडेय, अमरनाथ कुमार सिंह और दीपक बड़ाइक का नाम शामिल है। धुर्वा थाना में दर्ज मामले में कहा गया है कि 11 अप्रैल को भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम घोषित था। इसको लेकर डीसी और एसएसपी ने संयुक्त रूप से दंडाधिकारी, अधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती से संबंधित आदेश जारी किया था। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए धुर्वा गोलचक्कर से चांदनी चौक हटिया तक 11 अप्रैल की सुबह आठ बजे से रात के 11.30 बजे तक धारा 144 लगायी गयी थी। इसके बाद भी भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग उखाड़ने और हटाने का प्रयास किया। वे उपद्रवियों की तरह व्यवहार करने लगे, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और दंडाधिकारी को निशाना बना कर बोतलें फेंकी,पत्थरबाजी की।

## झारखंड राजद की इफ्तार पार्टी गुरुवार को

# प्रभारी जयप्रकाश यादव पहुंचे रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राजद द्वारा रांची में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। पार्टी मुख्यालय में गुरुवार शाम 6 बजे आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे हैं। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि इस पवित्र रमजान माह के मुबारक मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव इफ्तार पार्टी में शामिल रहेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष इसमें शामिल होंगे।

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को मिलेगा मध्याह्न भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों की आठवीं बोर्ड की परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को अब मध्याह्न भोजन दिया जायेगा। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने आदेश जारी कर दिया है। प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी पत्र के जरिये इसकी सूचना दे दी है। जारी आदेश में निदेशक ने कहा है कि 13 अप्रैल को आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन होना है। पूर्व की भांति परीक्षा आयोजन के दिन सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा खत्म होने के बाद सभी परीक्षार्थी मध्याह्न भोजन ग्रहण करेंगे। उच्च विद्यालय में परीक्षा केंद्र रहने की स्थिति में निकटतम मध्य विद्यालय में परीक्षार्थियों के लिए मध्याह्न भोजन का आयोजन होगा।

## प्राथमिकी दर्ज होने पर बीजेपी ने तानाशाही का लगाया आरोप

# कांग्रेस ने कहा: कानून तोड़ने पर हुई कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवार को आयोजित सचिवालय घेराव के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद धुर्वा थाना में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्रशासन के द्वारा की गयी इस कार्रवाई के बाद सियासत तेज हो गयी है। विपक्ष सत्ता पक्ष पर तानाशाही का आरोप लगा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष ने इसे सही ठहराया है। सचिवालय घेराव के दौरान हुए उपद्रव और हिंसा को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा धुर्वा थाना में एफआइआर दर्ज करायी गयी। वहीं अब प्राथमिकी पर राजनीति शुरू हो गयी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सचिवालय घेराव के दौरान हुए लाठीचार्ज और उसके बाद धुर्वा थाने में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को तानाशाही बताते हुए राज्य सरकार की निंदा की है।

वहीं पुलिस और भाजपा कार्यकताओं के बीच हुई तीखी नोकझोंक और झड़प के बाद की गयी प्राथमिकी को उचित बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन करना सभी का अधिकार है, मगर अराजकता फैला कर कानून तोड़ने का प्रयास यदि होता है तो कार्रवाई होना सर्वथा उचित है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने प्रशासन के द्वारा भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं पर किये गये कांड दर्ज को उचित बताते हुए कहा है कि यह सरकार पूरी तरह से संजीदा है और कानून तोड़ने वाले छोड़े नहीं जायेंगे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# तेजी से विकसित बनते भारत से जुड़ रहा युवा सामर्थ्य

"भारत एक युवा और आकांक्षी राष्ट्र है। बदलते हुए भारत में, तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत में आज रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लगातार बन रहे हैं।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## एक साल में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने की संकल्प-सिद्धि के लिए

# रोजगार मेला

## देश भर में 45 स्थानों पर 71 हजार से अधिक नव-नियुक्तों को

## नियुक्ति पत्र का वितरण

# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

13 अप्रैल, 2023 प्रातः 10.30 बजे

- सहयोगी राज्य सरकारों के साथ मिलकर भारत सरकार सृजन कर रही हर महीने लगभग एक लाख नए रोजगार
- विशेष ऑनलाइन सिस्टम से खाली पदों एवं भर्ती प्रक्रिया की निगरानी
- महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को होगा विशेष लाभ
- विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नव नियुक्तों की ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए कर्मयोगी प्रारम्भ मॉड्यूल
- सभी नियुक्तियां यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं
- सरल, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें | अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी वेबसाइट पर जाएं https://igotkarmayogi.gov.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW



### भाजपा रांची महानगर ने शवयात्रा निकाली, सरकार का पुतला फूंका

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाठीचार्ज के खिलाफ काला दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को काला दिवस मनाया। प्रदेश से मंडल स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने काला बिल्ला और काली पट्टी बांध कर लाठीचार्ज की घटना का विरोध जताया। देर शाम रांची महानगर भाजपा ने रांची के हरमू चौक से मौन जुलूस निकाला। माथे और मुंह पर काली पट्टी बांध कर भाजपा के कार्यकर्ता हरमू चौक पर जमा हुए। यहां से अरगोड़ा चौक पर जाकर हेमंत सरकार का पुतला दहन किया। महानगर भाजपा के अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि सरकार के इशारे पर कल लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को लाठी डंडे, आंसू गैस, रबर की गोली, पानी की बोतल, ईंट- पत्थर निहत्थे कार्यकर्ताओं पर फेंक कर उन्हें रोकना चाहा। दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट लगी है। सरकार की इस बर्बरता का जवाब उसे मिलेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री दुमका चले गये। यदि हिम्मत होती तो सचिवालय में बैठ कर झारखंड की जनता को उनके प्रश्नों का जवाब देते।

राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि जल, जंगल और जमीन यहां तक कि खनिज और बालू कोयला को लूटने वाली हेमंत सरकार जनाक्रोश को अब रोक नहीं पायेगी। राज्य की जनता ने हेमंत को सत्ता से उतारने की ठान ली है। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ,काजल प्रधान, प्रतुल शाहदेव, किसलय तिवारी, सत्यनारायण सिंह, राकेश भास्कर, वरुण साहू, मुनचुन राय, बलराम सिंह, ललित ओझा, राजु सिंह, बसंत दास, जितेंद्र वर्मा, ललिता ओझा, हेमंत दास, नीरज सिंह, रौशन शर्मा, संजय जयसवाल, अशोक बड़ाइक, सीमा सिंह, मुकेश सिंह, अनीता वर्मा, रोमित नारायण सिंह, कुमार उत्कर्ष, रामलगन राम, गोपाल सोनी, निशि जायसवाल, रेणुका मुर्मू, नीतू सिंह, सुजाता सिंह, दिव्या साहू, अर्चना सिंह, प्रीति सिन्हा, इंद्रजीत यादव, उमेश यादव, विकास रवि, लक्ष्मी कुमारी, बबिता वर्मा, रणधीर सिंह, संजय यादव, विनय सिंह, देवराज सिंह, सुजीत शर्मा, दीपक शाह सहित अन्य मौजूद थे।

# चुनाव आयोग निशिकांत दुबे को जानकारी देकर काम करता है: सुप्रियो

**बाबूलाल मरांडी और दीपक प्रकाश बतायें-भाजपाइयों के हाथ में पत्थर कहां से आया, बोतलें कहां से आयीं**

**जिनका दिल काला है, मन काला है, भाषा काली है, वे मौन दिवस और काला दिवस मना रहे हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झामुमो ने भाजपा के सचिवालय मार्च के दौरान घटित हुई घटना पर कड़ा प्रहार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि मंगलवार को भाजपा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक विद्वेष, सांप्रदायिक रंग थे। राजनीतिक कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं के हाथ में तख्तियां होती हैं, मुंह में नारे होते हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथ में पत्थर, पानी की बोतल और मुंह में सांप्रदायिक नारे और धमकी के शब्द थे। इस कार्यक्रम में जो हुआ, सबने देखा। अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को बताना चाहिए कि उनके कार्यकर्ताओं के हाथ में पत्थर कहां से आये, बोतल कहां से आयी। भट्टाचार्य ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाजपा के एक सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल थे। उन्होंने जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया है, वह सीधे तौर पर संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने जैसा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने जैसा है। निशिकांत कहते हैं कि 13 अप्रैल को लोकपाल के तहत मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया जायेगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या लोकपाल इनके इशारे पर काम कर रहा है या फिर लोकपाल इन्हें जानकारी देकर काम करता है। निशिकांत दुबे ने दूसरी बड़ी बात कही।

उन्होंने कहा कि चिंता न करें वे चुनाव आयोग पर दबाव डाल कर लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव करा देंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या चुनाव आयोग अमित शाह के इशारे पर काम रहा है या फिर चुनाव आयोग निशिकांत दुबे को जानकारी देकर काम करता है। देश के गृह मंत्री अमित शाह को बताना चाहिए कि निशिकांत दुबे को यह अधिकार किसने दिया। दीपक प्रकाश और बाबूलाल मरांडी को भी इस मामले में बोलना होगा। नहीं तो हम इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

सुप्रियो ने कहा कि आज भाजपा मौन दिवस और काला दिवस मना रही है। जिसका दिल काला है, मन काला है, भाषा काली है। वे मौन दिवस और काला दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने तीन दशक के राजनीतिक जीवन में ऐसे राजनीतिक कार्यक्रम नहीं देखे। हमने भी लाठी खायी है, अस्पताल गये हैं। मगर भाजपा का यह कार्यक्रम राजनीतिक न होकर आपसी भाईचारा बिगाड़ने वाला अधिक था। इसमें जो नारे लगे, पत्थर चले, बोलते फेंकी गयीं, वह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं हो सकता है। इस घटना में कई पत्रकार और अफसर घायल हुए, ऐसे नहीं चलेगा। अगर झामुमो, गुरुजी और हेमंत सोरेन से मुकाबला करना है तो राजनीतिक कार्यक्रम तय करें। आपके पास पत्थर और बोतल है तो हमारे पास तीर-धनुष है। झामुमो ऐसे कार्यों से डरनेवाला नहीं है। उन्होंने प्रशासन से कल की घटना की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# आजसू का राज्य भर में न्याय मार्च आज

**रांची में कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी गुरुवार को राज्य भर में न्याय मार्च निकालेगी। पार्टी के कार्यकर्ता सात सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। रांची में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय तक जायेंगे। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बुधवार को कहा कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। डॉ देवशरण भगत ने राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ जो विश्वासघात किया है, उससे जनता ऊब चुकी है। सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। तीन साल में कोई वैकेंसी नहीं, परीक्षा नहीं, नियुक्तियां और बहाली नहीं। जबकि खुद मुख्यमंत्री का वादा पब्लिक डोमेन में है कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख नौकरियां देंगे। डॉ. भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार से राज्य का विकास अवरुद्ध हो रहा है। अराजकता का वातावरण है। राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। गुरुवार को आजसू पार्टी महज विरोध की खातिर पूरे राज्य में न्याय मार्च नहीं निकालेगी, बल्कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को विचार, मंथन और जनादेश का हिसाब लेने के लिए भी जगायेगी। न्याय मार्च को लेकर डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। खुद केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने न्याय मार्च को लेकर रणनीति तैयार की है। इसे लेकर सभी स्तर के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की है। बता दें कि आजसू पार्टी अप्रैल को सामाजिक न्याय महीना के रूप में मना रही है। इस दौरान कई कार्यक्रम किये जाने हैं।

# जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम है तैयार : डॉ आशा लकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मेयर डॉ आशा लकड़ा ने बुधवार को रांची नगर निगम के स्वास्थ्य और जलापूर्ति शाखा की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने विभागीय अधिकारियों में वार्ड स्तर पर पेयजल संकट की स्थिति और नगर निगम की ओर से की गयी व्यवस्था की जानकारी ली। मेयर ने बताया कि गर्मी के मौसम में जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 2507 चापानल चालू स्थिति में हैं। खराब चापानलों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये हैं। कुछ चापानल ऐसे हैं, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इन चापानलों में मोटर लगा कर सिंटेक्स की टंकी स्थापित पर उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल नगर निगम क्षेत्र में 80 जगहों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। निगम क्षेत्र में कुल 69078 वैध वाटर कनेक्शन हैं। मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में खासकर ड्राई जोन क्षेत्र में आम लोगों को नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, मेयर, डिप्टी मेयर, सांसद, विधायक, नगर आयुक्त और पार्षदों की अनुशंसा पर भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आम लोगों के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। कुल 204 नयी बोरिंग करायी जायेंगी। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पहान, उत्क्रमित अधीक्षण अभियंता प्रसून कुमार मुर्मू, नगर प्रबंधक स्नेहाश्री, ओंकार पांडे प्रभारी स्वास्थ्य शाखा समेत जलापूर्ति शाखा कनीय अभियंता उपस्थित रहे।

## अमिताभ कौशल खाद्य आपूर्ति, भू-राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव बने

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चारअधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। सरकार ने सचिव योजना एवं विकास विभाग रांची के पद पर पदस्थापित अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते हुए उन्हें सचिव खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त और पदस्थापित किया है। डॉ कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव राजस्व और भूमि सुधार विभाग रांची और सचिव आपदा प्रबंधन विभाग रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव जल संसाधन विभाग प्रशांत कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव योजना और विकास विभाग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# पीएम ने बाबा साहेब को दी सच्ची श्रद्धांजलि: बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्र सरकार ने संविधान निर्माता और भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल पर राष्ट्रीय अवकाश की ऐतिहासिक घोषणा की है। इसकी अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) ने जारी कर दी है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने केंद्र सरकार की ओर से बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर देश के अमृतकाल में राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा से देश के लोगों के दिलों में बसते रहे हैं। उनकी जयंती भी देश के लोग हर वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते रहे हैं।

# सीसीएल में पीएसयू सप्ताह के अंतर्गत क्वीज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**छोटे-छोटे कदम से ही बड़ी सफलता की नींव रखी जाती है : निदेशक, कार्मिक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पीएसयू सप्ताह (10-16, अप्रैल, 2023) के अंतर्गत सीसीएल मुख्यालय रांची में 12 अप्रैल को क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया, जिसमें मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र सहित महाप्रबंधक (एचआरडी), पार्थो भट्टाचार्य और विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और अन्य उपस्थित थे। दो चरणों में आयोजित यह प्रतियोगिता सार्वजनिक क्षेत्र से संबंधित ज्ञान पर आधारित थी, जिसमें प्रथम उत्तरी कर्णपुरा (एनके), द्वितीय बरका सयाल, तृतीय स्थान कथारा क्षेत्र को घोषित किया गया। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वंय को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित करते रहिए। इसी प्रकार छोटे-छोटे कदम से ही बड़ी सफलता की नींव रखी जाती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव संसाधन विभाग औरअन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योगा एंड नेचरोपैथी विभाग द्वारा लाइफस्टाइल डिसऑर्डर्स: सॉल्यूशन विद योगा एंड अल्टरनेटिव थेरेपी शीर्षक पर दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानंद जी महाराज, रांची विश्वविद्यालय की योग विभाग की पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर टुलु सरकार, प्रियदर्शी अमर, सुमित दुबे, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, मानविकी संकाय की डीन डॉ नीलिमा पाठक, योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ नम्रता चौहान आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानन्द जी महाराज ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं की चर्चा करते हुए योग क्या है? लाइफ स्टाइल डीजआर्डर के बारे में विस्तृत जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि समस्या है तो समाधान भी हैं। योग आत्मानुशासन का कारक है। अनुशासित जीवन शैली अपनाना योग का संदेश है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि योग भारत की उपज है, जिसमें तन मन के स्वस्थ होने की कल्पना की गयी है। उन्होंने कहा कि आज योग विश्व की पहली जरूरत बन बैठी है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में अतिथियों का स्वागत परिचय देते हुए मानविकी एवं भाषा शास्त्र की डीन प्रोफेसर नीलिमा पाठक ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आज सार्थक जीवन शैली एवं सार्थक जीवन दृष्टि का अभाव हो गया है। आज आध्यात्मिक मन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जीवन की प्रकृति एवं विशेषताओं का सही ढंग से समझना ही आध्यात्मिकता है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन के पश्चात उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी से संबंधित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी है। संगोष्ठी में सैकड़ों प्रतिभागियों ने सहभागिता की एवं प्रथम दिन के प्रथम तकनीकी सत्र में 31 टेक्निकल पेपर प्रस्तुत किये गये। संगोष्ठी का ओवरऑल संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ नीतू सिंघी के द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता डॉ राधा माधव झा के द्वारा पूरी की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर को गोपाल पाठक, कुलसचिव विजय कुमार सिंह, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ संदीप कुमार, श्री हरी बाबू शुक्ला, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ राधा माधव झा, आशुतोष द्विवेदी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ पार्थ पॉल, प्रो अमित गुप्ता, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ नम्रता चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ला, डॉ अर्चना मौर्य, अंकित अनुभव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, आकांक्षा कुमारी, अंजना सिंह, ओम प्रकाश, आशीष आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्यपाल से मिला मुक्ति संस्था का प्रतिनिधिमंडल



रांची (आजाद सिपाही)। मुक्ति संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान संस्था द्वारा अब तक किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी और राजधानी में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी। इस पर राज्यपाल ने एक अच्छी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया और प्रशंसा की। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने विचार रखा कि अंगदान करने को काफी लोग इच्छुक हैं। अगर राज्य में रख रखाव की उचित व्यवस्था हो जाये, तो यहां के मरीजो को मदद मिलेगी। राज्यपाल ने मुक्ति संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में प्रवीण लोहिया, राहुल जयसवाल, तरुण जुल्का और सौरभ बथवाल शामिल थे।

### रिसर्च प्रस्ताव आवश्यक संशोधनों के साथ स्वीकृत

रांची (आजाद सिपाही)। साइंस फैक्लटी के पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक में पीएच डी के 54 तथा डीएससी के 03 प्रस्तावों पर विचार किया गया तथा आवश्यक संशोधनों के साथ सहमति प्रदान की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने की। बैठक में प्रति कुलपति डॉक्टर एके सिन्हा, साइंस डीन प्रो कुलुन कांदिर, कुल सचिव डॉक्टर मुकुंद चंद मेहता, डॉ आशीष झा, उप कुल सचिव डॉक्टर प्रीतम कुमार, सारे विभाग के विभागाध्यक्ष व अन्य शिक्षक सम्मिलित हुए।

### साईं सनराइज हेल्थ केयर में फ्री मेडिकल कैंप 16 को




रांची (आजाद सिपाही)। कोकर के साईं सनराइज हेल्थ केयर की ओर से 16 अप्रैल को फ्री मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। जिसका रजिस्टेशन शनिवार की सुबह से शुरू हो जायेगा। यह जांच रविवार की सुबह 11 बजे से 3 बजे तक होगी। यह जानकारी हेल्थ केयर के संचालक गौतम तिवारी ने दी। उन्होंने कहा कि इस कैंप में दो डॉक्टर की टीम बैठेगी और जरुरतमंद मरीजों का हेल्थ चेक करेगी। इसमें डायग्नोसिस, ब्लड प्रेसर, शुगर जांच और डॉक्टर परामर्श मुफ्त रहेगा।

### कांग्रेस कला-संस्कृति और फिल्म विभाग की नुक्कड़ सभा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार कांग्रेस कला-संस्कृति और फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाइक की अगुवाई में बुधवार को रांची के दलादली चौक में कलाकारों द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान रांची जिला महानगर कांग्रेस कला-संस्कृति और फिल्म विभाग के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के तानाशाही रवैये, देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, बैंक घोटाले जैसे मुद्दे पर आमजनों को जागरूक किया गया। कांग्रेस कला-संस्कृति और फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाइक ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत जिला-लोहरदगा, गुमला और रांची में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इन सभाओं के माध्यम से देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई और भाजपा के षडयंत्रकारी और झूठ की राजनीति के तहत कैसे हमारे नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने और उनको दो साल की सजा दिलायी गयी। इस मुद्दे पर आम जनता को अवगत कराया गया। नुक्कड़ सभा में विजय प्रभाकर, केशव केसरिया, दीपक लोहरा, दीपक खलखो, मंगल करमाली, अनमोल किस्पोट्टा, रवि लोहरा, अल्बर्ट कच्छप, एडमोन अदॉल्फ, नितेश कच्छप, उमेश महली, आलोक लकड़ा, पप्पू खान, सुधीर अनतोनी टोप्पो, आलोक राज, अजय खलखो सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.2 °c | 20.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.09 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.32 बजे | |

### धनबाद में जय भारत सत्याग्रह में कांग्रेसियों ने दिखायी ताकत

# 2024 में केंद्र से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

**मोदी और अडाणी का रिश्ता पति-पत्नी का है : सुबोधकांत सहाय**

**ना उधो के हैं और न माधो के हैं यहां के सांसद : बन्ना गुप्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को कांग्रेस द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत धनबाद लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराने कांग्रेस कार्यालय के समीप विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर आग उगली। अपने नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के मामले पर केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाये। इसके साथ ही वक्ताओं ने 2024 में केंद्र की सरकार से भाजपा को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। बताते चलें कि बीते 5 अप्रैल को झारखंड कांग्रेस द्वारा 1950 किलोमीटर की जय भारत सत्याग्रह यात्रा का प्रारंभ किया गया था। इसी कार्यक्रम के तहत बुधवार को धनबाद में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभा में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, महागामा विधायक दीपिका पांडेय, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, एनएसयूआइ के वसीम हाशमी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये सैकडों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।



**केंद्र से जवाब मांगने के लिए है यह सत्याग्रह : अविनाश पांडे**

केंद्र सरकार के द्वारा जिस अनैतिक और अलोकतांत्रिक तरीके से देश को कमजोर किया जा रहा है। गरीब, मजदूर, बेरोजगारों की आवाज उठाने वाले नेता राहुल गांधी को जिस तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी द्वारा यह संकल्प लिया गया है कि प्रखंड से लेकर हर एक पंचायत, गांव, गली चौराहे तक राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाया जाये। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई गांधी जी और गोडसे के विचारों की है। दुर्भाग्य से देश वासियों ने गोडसे की विचारधारा वालों को सरकार में बैठा दिया। हमें फिर से देश में लोकतंत्र स्थापित करना है। उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने अपने क्षेत्र में सड़कों पर निकलें और राहुल गांधी के विचारों को नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचायें।

**ना उधो के हैं और न माधो के हैं यहां के सांसद : बन्ना गुप्ता**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ना उद्धव के हैं और न माधव के हैं यहां के सांसद। यहां से एम्स चला गया, एयरपोर्ट चला गया यहां के सांसद मूरत बन कर बैठे हुए हैं और आपलोग उस मूरत को हर पांच वर्ष में रिन्यूअल कर रहे हैं। कहा कि हमारी प्रियदर्शिनी इंदिरा जी ने बैंक, कोलियरी इत्यादि का राष्ट्रीयकरण कर देश में संसाधन खड़े किये थे और आज केंद्र सरकार इन संसाधनों को बेच कर देश की सत्ता में रहकर बाबा साहब के संविधान को भी लूटना चाहती है। कानून को भी खत्म करना चाहती है।

**मोदी और अडाणी का रिश्ता पति-पत्नी का है : सुबोधकांत सहाय**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि अभी तक जितने सवाल भी राहुल गांधी ने उठाये हैं वे सभी सच हुए हैं। यही कारण है कि जब राहुल की सदस्यता रद्द की गयी तो सारे विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि मोदी और अडाणी का रिश्ता आज का नहीं है जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तभी से यह रिश्ता चला आ रहा है। मोदी और अडाणी का रिश्ता पति-पत्नी का है क्योंकि मोदी जहां-जहां जाते थे वहां-वहां बगल के रूम अडाणी का रूम होता था। और रात में बीच का दरवाजा खुलता था। और अब राहुल गांधी ने चोर के सरदार को पकड़ लिया है। आज जितना उनपर अत्याचार हो रहा है उसे राहुल गांधी खुशी खुशी झेलने को तैयार हैं।

**12 वर्षों से बंद कांग्रेस जिला कार्यालय का मुद्दा रहा गर्म**

पिछले 12 वर्षों से बंद धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय के खोलने का मुद्दा भी सभा के दौरान गर्म रहा। कार्यक्रम के बीच बीच में कार्यकर्ताओं द्वारा अविनाश पांडे तुम ताला तोड़ो हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगते रहे। इस मामले पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि वे जल्द इस मामले को सुलझा लिया जायेगा। स्थानीय अधिकारियों के साथ बात हुई है जाने अनजाने में जो भी अड़चने कार्यलय खोलने में आई हैं उन्हें संवैधानिक तरिके से दूर किया जायेगा। वहीं इस बाबत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का निराकरण किया जायेगा।

सभा स्थल के समीप ही पिछले एक वर्ष से झमाडा के आश्रितों के परिजनों द्वारा अनुकंपा पर नौकरी के लिए धरना दिया जा रहा है। सभा में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को धरनार्थियों ने आवेदन देकर उनसे मदद की गुहार लगायी। अविनाश पांडे ने संबंधित विभाग से इस पर बात करने का आश्वासन दिया।

# आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए कौशल और ज्ञान का करें उपयोग : राज्यपाल



**इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची ने अपना दूसरा ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची ने बुधवार को अपना दूसरा ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाया। यह 2020-23 बैच के स्टूडेंट्स का ग्रेजुएशन सेरेमनी था, जहां 35 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गयी। साथ बैच के सभी 35 स्टूडेंट्स को ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया।

प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि रांची आईएचएम का यह दूसरा साल है जब सभी स्टूडेंट्स को जॉब मिला है। इस तरह से संस्थान का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। ग्रेजुएशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण और अध्ययन की बदौलत अपनी डिग्री अर्जित की है। अब आपको अपने व्यावहारिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार रहना है। आप अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक आतिथ्य क्षेत्र में अपने अर्जित ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के साथ उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सक्षम बनें। आप सभी ने यहां जो शिक्षा प्राप्त की है। वह निश्चित रूप से आपकी पेशेवर यात्रा में सहायक होगी। यही आपको पहचान भी दिलायेगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुए कहा कि वे हमारे राज्य और देश में आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग करें। आतिथ्य क्षेत्र में लोगों को एक साथ लाने, अविस्मरणीय अनुभव बनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की शक्ति निहित है।

आतिथ्य पेशेवर के रूप में, आपके समक्ष लोगों के जीवन में बदलाव लाने एवं हमारे समाज में सद्भाव को बढ़ावा देने का अवसर है। आतिथ्य हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसका विकास और सफलता आपके महत्वपूर्ण योगदान पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अपने करियर की शुरूआत करते समय याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आइएचएम रांची और हमारे झारखंड राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्रांड एंबेसडर हैं। इसकी प्रतिष्ठा को बनाये रखने की जिम्मेदारी आपकी है। राज्यपाल कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अध्ययन प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए अपनी डिग्री अर्जित की है। अब आपको अपने व्यावहारिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने के लिये तैयार रहना है। जैसा कि मुझे बताया गया कि संस्थान ने अपनी स्थापना के चार वर्षों के अंतराल में बड़ी सफलता अर्जित की है। संस्थान को 2021 में मोस्ट अड्मिरेड होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। यह वर्ष 2022 में होनहार संस्थानों श्रेणी में सरकारी होटल प्रबंधन संस्थानों में नंबर एक स्थान पर रहा। वर्ष 2023 में यह शीर्ष होटल प्रबंधन संस्थानों में सूचीबद्ध है। इसके अतिरिक्त, संस्थान के उल्लेखनीय उपलब्धि में से एक इंटरनेशनल मिलेट ईयर 2023 को बढ़ावा देने के लिये झारखंड में स्थानीय "मडुआ चिल्का" के क्षेत्र इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की सूची में दर्ज होना है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** — बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** — शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# विभावि और मगध विवि के पूर्व कुलपति ने डीएसपीएमयू के कुलपति से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को विनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग और मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के पूर्व कुलपति डॉ अरविंद कुमार ने डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य से औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डॉ अरविंद कुमार ने डीएसपीएमयू के कुलपति के कार्यालय में किये गये सकारात्मक कार्यों का बहुत ही बारीकी से गहन विचार-विमर्श किया। डॉ अरविंद के अपने अनुभव के कार्यों का साझा किये, ताकि इनके विचार के अनुभवों से डीएसपीएमयू के छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने डॉ अरविंद कुमार को 2023 की डायरी देकर स्वागत किया। डीएसपीएमयू के कुलपति विकासात्मक कार्यों के लिए दो से तीन रांउड डॉ अरविंद कुमार के साथ बैठक की। डॉ शांडिल्य ने विस्तारपूर्वक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में उनके विचारों से अवगत कराया। इसी दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पर्यावरण अर्थशास्त्र पुस्तक में नये-नये विभिन्न आयामों को जोड़ कर जल्द से जल्द पुस्तक प्रकाशित करने की योजना है। प्रकाशित हो जाने के बाद पर्यावरण अर्थशास्त्र पुस्तक का विमोचन किया जायेगा। इस बैठक में डीएसपीएमयू के मानव विज्ञान प्रमुख, डीएसडब्लू सह निदेशक समाजशास्त्र विभाग डॉ सैयद मुबारक अब्बास और बोटनी विभाग सह डीन साइंस एसोसिएट प्रो डॉ ईश्वरी चंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

# ट्रू-कॉलर ने आइफोन के लिए लाइव कॉलर आइडी शुरू की

**इस नये अपडेट ने आइफोन पर प्रीमियम अनुभव को बेहतर बनाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुनिया के प्रमुख वैश्विक दूरसंचार प्लेटफॉर्म ट्रू-कॉलर ने आइफोन पर अपने उत्पाद के लिए महत्वपूर्ण अपडेट पेश करने की घोषणा की है। यह अपडेट नयी और रोमांचक सुविधाएं प्रदान करता है, जो दुनिया भर में आइफोन का उपयोग करनेवाले लोगों के लिए बातचीत का एक बेहतर और अधिक सुरक्षित संचार अनुभव प्रदान करेगा। लाइव कॉलर आइडी का पूर्ण अनुभव अब आइफोन पर पहली बार आया है, जो आपको यह बताने के लिए कि कौन कॉल कर रहा है। इसके लिए आपका फोन एक साधारण से सिरी शॉर्टकट का उपयोग करता है।

नये अपडेट के बारे में बताते हुए ट्रू-कॉलर में भारत के प्रबंध निदेशक ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, हम देख रहे हैं कि आइफोन को अधिक से अधिक लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है। हम इस प्लेटफॉर्म के भीतर लगातार अभिनवता ला रहे हैं। इस सिरी के द्वारा चलने वाले लाइव कॉलर आइडी के अनुभव को तैयार करने के लिए हमारी टीम ने काफी रचनात्मकता का उपयोग किया है। अंततः हमारी कम्युनिटी इनकमिंग कॉल के दौरान 'हे सीरी, सर्च ट्रू-कॉलर' बोलकर लाइव कॉलर आइडी का अनुभव प्राप्त कर सकती है। हम इस वैश्विक रिलीज से बहुत उत्साहित हैं और आइओएस प्लेटफॉर्म पर नयी-नयी चीजें करना जारी रखेंगे।

# रांची से गिरिडीह के बीच जल्द दौड़ेगी नयी एक्सप्रेस ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे ने रांची से गिरिडीह के बीच नयी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इस ट्रेन का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। रांची से गिरिडीह के बीच ट्रेन से सफर की चाहत रखने वालों के लिए अच्छी खबर है, इस रूट पर बहुत जल्द एक नयी ट्रेन दौड़ने वाली है। इस ट्रेन को रांची एक्सप्रेस नाम दिया गया है। इसका परिचालन हर दिन होगा। अभी तक की तैयारी के मुताबिक यह ट्रेन सुबह 6.10 बजे रांची रेलवे स्टेशन से चलेगी और दोपहर 13 10 (1 बजकर 10 मिनट) पर न्यू गिरिडीह स्टेशन पहुंचेगी। गिरिडीह पहुंचने के 50 मिनट के भीतर यानी दोपहर 2 बजे यह ट्रेन रांची के लिए रवाना हो जायेगी। रांची से न्यू गिरिडीह के बीच नयी ट्रेन चलाने की जरूरत पर फोकस करते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने रेल मंत्रालय को प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर मंत्रालय ने अपनी मुहर लगा दी है। अब बस ट्रेन के चालू होने की तिथि का ऐलान होना बाकी है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-30-2023, दिनांक: 11.04.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-30-2023। कार्य का नाम :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन सुइसा, बालसिरिंग, तातिसिलवाई, गंगाघाट, बानो एवं ओरगा स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए वर्तमान एफओबी सहित रैंप का प्रावधान। **निविदा मूल्य: ₹** 11,50,90,823.71। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 03.05.2023 को अपराह्न 3:00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-36)

**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited for the total tent job including water proof pandal, designed gate, lighting decoration with generator, flower decoration, videography and photography and sound system on turnkey basis, for the **36th Convocation 2023** of **Ranchi University** at **Dikshant Mandap campus** of **Ranchi University** from the reputed Tent House (registered in Jharkhand Govt.) with Head Office in Ranchi city and having experience of carrying such job on the National and State level event for the value of not less than **Rs. 50.00 lacs** in the State of Jharkhand.

Detailed tender papers can be obtained from the office of **C.C.D.C.** on payment of **Rs. 2000.00 (Rupees Two Thousand only)** in the shape of D.D. in the name of **Registrar, Ranchi University** payable at **Ranchi** between **13/04/2023** and **20/04/2023** from **11.00 AM** to **2.00 PM** and may be submitted upto **20/04/2023** in the office of **C.C.D.C.** till **3.00 PM** and it will be opened on the same day at **3.30 PM** in the office chamber of **C.C.D.C..** The tender paper is also available at **Ranchi University** website: **www.ranchiuniversity.ac.in**

The undersigned reserved the right to accept or reject full/partial bid without assigning any reason thereof.

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/- Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

Memo No: PL/440/23
Dated : 12.04.23

### रांची में बिजली का इतिहास : राधाकृष्ण बुधिया ने चुटिया में पावर हाउस की स्थापना की

# रांची में 1935 में पहली बार आयी थी बिजली



आर्यन वर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** 1935 से पूर्व रांची में बिजली नहीं जलती थी। तब हरि कर्मकार सरीखे लोग अपर बाजार में ढिबरी बना कर बेचा करते थे। ज्यादातर कर्मकार ढिबरी बनाने के लिए बंगाल के बाकुड़ा जिले से रांची आये थे। यही लोग ढिबरी बना कर रांची शहर और इसके आसपास लगने वाले बाजारों में इसे बेचा करते थे। 1935 में पहली बार रांची में बिजली जलाने के लिए बिहार सरकार ने राधाकृष्ण बुधिया को लाइसेंस जारी किया। यह लाइसेंस 1965 के सितंबर माह तक वैध था। लाइसेंस मिलने के बाद राधाकृष्ण बुधिया ने चुटिया में पावर हाउस की स्थापना की और कोयला और पानी की मदद से बिजली उत्पादन शुरू किया। राधाकृष्ण बुधिया उस वक्त रांची में कपड़े के बड़े व्यापारी थे। उनके भाइयों में



संतुलाल बुधिया, राधेश्याम बुधिया और गंगा प्रसाद बुधिया थे। लाइसेंस मिलने के बाद राधाकृष्ण बुधिया ने रांची इलेक्ट्रिक कंपनी की स्थापना की और रांची को बिजली से जगमगा दिया। कंपनी विद्युत उत्पादन भी करती थी और वितरण भी। इसका मुख्यालय मेन रोड स्थित बुधिया कांप्लेक्स में था। तब रांची की आबादी चालीस हजार के आसपास थी। 1965 में दूसरी बार राधाकृष्ण बुधिया के लाइसेंस का बिहार सरकार ने दस वर्षों के लिए नवीनीकरण किया। 1975 के सितंबर माह में लाइसेंस की अवधि समाप्त होनेवाली थी कि 17 जुलाई 1975 की आधी रात से बिहार सरकार ने रांची इलेक्ट्रिक कंपनी का अधिग्रहण कर लिया और दूसरे दिन बिहार विद्युत बोर्ड को इसे सुपुर्द कर दिया। हालाकि रांची के विकास में बुधिया परिवार के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस परिवार ने अंग्रेजी साप्ताहिक द रिपब्लिक का भी प्रकाशन शुरू किया था।

# आम आदमी पार्टी का बढ़ा मनोबल

चुनाव आयोग ने ताजा समीक्षा के बाद राष्ट्रीय पार्टियों की जो सूची जारी की है, उसने सबसे ज्यादा खुश किसी को किया है तो वह है आम आदमी पार्टी। पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ने खबर आने के बाद ट्वीट किया कि 'इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।' हालांकि पहले ही चुनाव में विरोधियों का सूपड़ा साफ कर देने वाली पार्टियों के कई उदाहरण देश में मौजूद हैं, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि हाल के दौर में आम आदमी पार्टी की ग्रोथ स्टोरी ने समर्थकों और विरोधियों से अलग निरपेक्ष समूहों का भी ध्यान खींचा है। निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय पार्टी को जिस तरह की सहूलियतें और सुविधाएं मिलती हैं, वे भी उसे मिलेंगी। देश भर में उसका चुनाव चिह्न उसके प्रत्याशियों के लिए सुरक्षित रहेगा, राष्ट्रीय राजधानी में दफ्तर बनाने के लिए भूखंड भी आवंटित होगा, लेकिन जो सबसे बड़ा फायदा इससे उसे होने वाला है, वह है समर्थकों और कार्यकर्ताओं का बढ़ा हुआ मनोबल। एक अपेक्षाकृत नयी पार्टी के रूप में यहां से और आगे बढ़ने के लिहाज से यह फैक्टर पार्टी के लिए खासा महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। लेकिन यह भी याद रखने की जरूरत है कि किसी राजनीतिक दल की यात्रा में इस तरह के पल आते-जाते रहते हैं। 2014 के बाद के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हुए प्रदर्शन के आधार पर अगर आम आदमी पार्टी ने यह उपलब्धि हासिल की है तो इसी आधार पर टीएमसी, एनसीपी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया यानी सीपीआई से राष्ट्रीय पार्टी का यह दर्जा छिन भी गया है। टीएमसी और एनसीपी भी मुख्यतः एक राज्य में केंद्रित पार्टियां हैं, जो कुछ अन्य राज्यों में जनाधार हासिल करने की जद्दोजहद में लगी रहती हैं। यही नहीं, विपक्षी खेमे में अहम भूमिका हासिल कर राष्ट्रीय राजनीति में निर्णायक रोल में आने की इच्छा भी दोनों दलों में है। इस लिहाज से ऐसे वक्त आम आदमी पार्टी से पिछड़ते हुए दिखना दोनों दलों के लिए खास तौर पर पीड़ादायक होगा। लेकिन ऐतिहासिक संदर्भों को याद रखते हुए देखें तो इन सबसे ज्यादा बड़ी घटना है कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय दल का दर्जा छिनना। हालांकि इसी से अलग होकर बनी सीपीएम अब भी एक राष्ट्रीय पार्टी है, लेकिन देश की सबसे पुरानी कम्युनिस्ट पार्टी की यह दुर्गति कोई अचानक हुई घटना नहीं है। लंबे समय से लगातार सिमटते जनाधार और कम होते समर्थन के कारण यह धीरे-धीरे नीचे खिसकते हुए यहां तक पहुंची है और निकट भविष्य में इसका ग्राफ ऊपर उठने के आसार भी नहीं दिख रहे। यह पार्टी के लिए विचारणीय प्रश्न है।

**चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया है। इससे पार्टी को कई तरह की सुविधाएं तो मिलेंगी हीं, लेकिन इससे सबसे बड़ा फायदा उसके समर्थकों और कार्यकर्ताओं का बढ़ा हुआ मनोबल होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जल्द ही रेडियो पर प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम का 100वां एपिसोड प्रसारित होगा। इस लोकप्रिय कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का रेडियो पर वैश्विक प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का पहला एपिसोड 03 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के आखिरी रविवार को रेडियो पर प्रसारित होता है। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी सवा अरब से ज्यादा हो वहां के प्रधानमंत्री का जनता से सीधा संवाद करने का यह तरीका स्वयं में अभिनव सा है।**

# मन की बात का 100वां एपिसोड: जनता से सीधे जुड़ने का अभिनव प्रयोग



**मनोज कुमार शर्मा**

जल्द ही रेडियो पर प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम का 100वां एपिसोड प्रसारित होगा। इस लोकप्रिय कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का रेडियो पर वैश्विक प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का पहला एपिसोड 03 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के आखिरी रविवार को रेडियो पर प्रसारित होता है। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी सवा अरब से ज्यादा हो वहां के प्रधानमंत्री का जनता से सीधा संवाद करने का यह तरीका स्वयं में अभिनव सा है। अब तक यह परिपाटी सी रही थी कि भारत के प्रधानमंत्री चुनावों के समय, राष्ट्रीय पर्वों या किसी खास अवसर पर ही टीवी के माध्यम से जनता को संबोधित करते थे। लेकिन, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से किसी खास अवसर की बजाय आम जन के सरोकार वाले प्रत्येक अवसर पर संवाद किया और इसके लिये उन्होंने सर्वसुलभ और देश के 91 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच रखने वाले माध्यम रेडियो को चुना। हालांकि मन की बात कार्यक्रम दूरदर्शन और अन्य राष्ट्रीय न्यूज चैनलों पर भी प्रसारित होते हैं, पर इसका मुख्य माध्यम रेडियो ही है।

जब देश का प्रधानमंत्री स्वयं लोगों से मुखातिब हों और छात्रों से परीक्षा, महामारी, अंगदान, मोटे अनाज के उपयोग, कृषि जैसे विषयों पर संवाद करें तो निश्चय ही देशवासियों के बीच इसका सकारात्मक प्रभाव होता है। जनता ऐसे प्रसारण से अपने प्रधानमंत्री को अपने करीब एक जिम्मेदार प्रतिपाल की भांति महसूस करती है। जब प्रधानमंत्री स्वयं 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं के समय छात्रों को सहज होकर परीक्षा देने का संदेश देते हैं और छात्रों को कहते हैं कि.. आप टॉपर होने, शतप्रतिशत नंबर लाने का तनाव न लें, कुछ प्रतिशत कम नंबरों से पास होना आप की सफलता में बाधक नहीं बनता नही इससे आप की योग्यता में कोई कमी आती है, तो परीक्षा के तनाव से गुजर रहे छात्रों, युवाओं को एक राहत मिलती है निश्चय ही उनका मनोबल बढ़ता है। मन की बात कार्यक्रम के तकरीबन प्रत्येक एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों के बीच सकारात्मकता का संचार किया है। इस कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बिंदु है कि पीएम अक्सर सराहनीय कार्य करने वालों के बारे में नाम लेकर बताते हैं और संवाद भी करते हैं।

**जनता ऐसे प्रसारण से अपने प्रधानमंत्री को अपने करीब एक जिम्मेदार प्रतिपाल की भांति महसूस करती है।**



**मन की बात कार्यक्रम के तकरीबन प्रत्येक एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों के बीच सकारात्मकता का संचार किया है। इस कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बिंदु है कि पीएम अक्सर सराहनीय कार्य करने वालों के बारे में नाम लेकर बताते हैं और संवाद भी करते हैं।**

इस कार्यक्रम के जनता से जुड़ाव में सबसे बड़ा योगदान रेडियो का रहा है। ग्रीक भाषा में 'रेडियस' का अर्थ 'दायरा' होता है और इसी शब्द से रेडियो का नाम पड़ा क्योंकि रेडियो का प्रसारण एक व्यापक दायरे में होता है। ऐसे में मन की बात कार्यक्रम के लिये रेडियो का चुनाव एक सफल कदम है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिये रेडियो को चुना। इससे रेडियो को भी इस टीवी, डिजिटल और इंटरनेट युग में फिर से पुरानी पहचान मिली है। अब सभी मन की बात कार्यक्रम को गावों कस्बों, खेतों में भी लोगों को रेडियो पर सुनते देखते हैं। यही नहीं रेडियो को कभी-कभार उपयोग में लेने वाले देश भर के महानगरों और शहरों में रहने वाले लोगों ने रेडियो का उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है। मुंबई और चेन्नई के अलावा 6 बड़े शहरों में किए गए एक सर्वेक्षण से यह पता चला कि कि लगभग 66.7% आबादी ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए ट्यून किया था और इसे बहुत ही अच्छा कहा।

**झारखंड के लोगों के लिए उपलब्धि का क्षण :** संचार का एक सामान्य तथ्य है कि वह आम जन के लिये सुलभ, रूचिकर, प्रेरणादायी भी हो। जब प्रधानमंत्री स्वयं आकर किसी विषय पर जनता के बीच संदेश दें उन लोगों का नाम लें जो अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं, संघर्ष से अपना लक्ष्य प्राप्त किये हैं, या देश समाज के लिये निःस्वार्थ काम कर रहे हैं तो इसका आम जन में तो व्यापक सकारात्मक प्रभाव होता ही है, उस क्षेत्र के अन्य लोग भी इससे प्रेरणा पाते हैं। प्रधानमंत्री ने कई एपिसोड में झारखंड में गांव कस्बों तक में बेहतरीन कार्य कर रहे लोगों, युवाओं, महिलाओं, किसानों का नाम लेकर उनके बारे में लोगों को बताया।

सितंबर 2022 में जब प्रधानमंत्री ने रांची के महिला समूह के शोभा दीदी और उनके सहयोगियों के कार्य की सराहना की तो पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा।

75वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने रांची झारखंड के युवा नवीन का विशेष उल्लेख किया और देशवासियों को बताया कि युवा नवीन कैसे झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में लोगों को अवगत करा रहे हैं और बिरसा मुंडा से लेकर सिदो कान्हो व अन्य गुमनाम से स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी लाग अब जान रहे हैं तो यह झारखंड के लिये बड़ा ही उपलब्धि का क्षण था। 92वें एपिसोड में गिरिडीह के पीरटांर के मधुबन पंचायत के सिंहपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषण के खिलाफ किये जा रहे कार्यों की दिल खोल कर सराहना की और झारखंड की यह खबर रेडियो और अन्य माध्यमों से पूरे देश में सुर्खियों में आया।

दुमका के संजय कच्छप को जिन्होंने अपने प्रयास से चाइबासा समेत अन्य जिलों में 24 लायब्रेरी का निर्माण करवाया है उन्हें लायब्रेरीमैन कह कर जब पीएम ने रेडियो पर पुकारा तो यह झारखंड के लिये बड़ी उपलब्धि थी। वैसे ही गोमो रेलवे स्टेशन जिसे अब सुभाषचंद्र बोस स्टेशन के नाम से जाना जाता है, उसके बारे में भी देशवासियों को पीएम ने रेडियो पर अपने कार्यक्रम के माध्यम से ही बताया कि कैसे अंग्रेजों को चकमा देकर इसी स्टेशन से रेल पर सवार होकर निकलने के बाद नेता जी अंग्रेजों के हाथ नहीं आये। उनके इस सफर को महानिष्क्रमण नाम दिया और स्टेशन का नाम गोमो से सुभाषचंद्र बोस स्टेशन नाम दिया गया।

कोरोना काल में 31 जनवरी 2021 के अंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में झारखंड के दुमका के शिक्षा मॉडल की चर्चा की। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान स्कूली शिक्षा जारी रखने के लिए दुमका में किए गए अनूठे प्रयास की सराहना की। अभी हाल में प्रसारित 99वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मार्च को अंग दान करने वालों की तारीफ की। अपने संबोधन में उन्होंने झारखंड के जमशेदपुर की रहने वाली स्नेह लता चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जब अंगदान या देहदान करने वाला कोई मिल जाता है तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है।' उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा, 'झारखंड की स्नेह लता चौधरी ऐसी ही थीं. जिन्होंने ईश्वर बनकर दूसरों को जिंदगी दी।' 63 साल की स्नेह लता चौधरी अपना हार्ट, किडनी, आंख और लीवर दान कर के गईं।

मन की बात रेडियो पर प्रसारित एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक लोकतांत्रिक देश के मुखिया का अपनी जनता से सीधा जुड़ाव और संवाद है जो जनता और सरकार के बीच संवादहीनता को खत्म करने के साथ ही विश्वास का संचार करता है और बेशक इसके लिये चुना गये माध्यम 'रेडियो' का इसमें बहुत बड़ा योगदान है।

**(लेखक स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय, रांची से जुड़े हुए हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर पूर्वी के लोगों को ही जगह दिये जाने पर जमशेदपुर भाजपा में बगावत

**भाजपा नेता अमर सिंह समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर की शिकायत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर भाजपा में एक बार फिर से बगावती तेवर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिखाये हैं। भाजपा संगठन को कुछ विशेष व्यक्तियों के पॉकेट तक ही सीमित रखने का विरोध शुरू हो गया है। भाजपा के ही कुछ नेताओं ने यह विरोध का बिगुल फूंका है। भाजपा नेता अमर सिंह समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय समेत अन्य नेताओं से मुलाकात की। इन लोगों ने शिकायत की कि भाजपा जैसे संगठन को एक व्यक्ति विशेष का संगठन बनाकर रख दिया गया है. इन लोगों ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई को एक शिकायत पत्र भी भेजा है लोगों ने अपनी शिकायत में कहा है कि जमशेदपुर महानगर भाजपा में लगातार जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से ही महानगर अध्यक्ष की नियुक्ति की जा रही है. इससे अन्य सारे विधानसभा के लोगों में खासी नाराजगी है। यही नहीं वर्तमान कमेटी में भी जमशेदपुर पूर्वी के ही सदस्यों की संख्या ज्यादा है।

यह कहा गया है कि गुंजन यादव वर्तमान में अध्यक्ष एक खास प्रभाव से बने हैं। उनकी



जिला पदाधिकारी 15 सदस्य सूची में 8 लोग केवल पूर्वी विधानसभा से भी पदाधिकारी है और युवा मोर्चा अध्यक्ष पूर्वी से जबकि महिला मोर्चा अध्यक्ष पूर्वी से और एससी मोर्चा अध्यक्ष भी पूर्वी से ही है। इसी तरह प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में भी लगभग 10 सदस्य जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से ही है. इस कारण दूसरे विधानसभा के कार्यकताओं से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है. उपाध्यक्ष समेत कई पद भी खाली है। युवा मोर्चा समेत तमाम मंडलों में भी पद खाली है।

जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव द्वारा इसका कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है। जो लोग भाजपा छोड़कर गए थे उनको वापस ही करा कर फिर से नए पद बांट दिए गए हैं शिकायत पत्र के साथ एक सूची भी सौंपी गई है।

इस सूची में बताया गया है कि किस तरह से जिला कार्य समिति में अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री कार्यालय मंत्री, मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, आईटी सेल प्रभारी का पद जमशेदपुर पूर्वी में ही दिया गया है. जिला कार्यसमिति सदस्य के तौर पर गुरुदेव सिंह राजा, कमलेश सिंह, संजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, कमलेश साहू, जितेंद्र मिश्रा, रामबाबू साह, रूबी झा और कल्याणी शरण जैसे लोगों को जिला कार्यसमिति में जगह दी गई है, जो जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से ही है।

इसी तरह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के तौर पर रामबाबू तिवारी, कुलवंत सिंह बंटी, राजेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, कल्याणी शरण, विनोद सिंह, अभय सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, अनिल सिंह और अन्य लोगों को जगह दी गई है. यह सारे लोग जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के हैं।

# एसपी आनंद प्रकाश ने सभी थाना प्रभारियों को दिये कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने क्राइम मीटिंग में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये। बुधवार को बैठेक में एसपी ने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारी से उनके क्षेत्र में कांडों के संबंध में जानकारी ली। एसपी आंनद प्रकाश ने जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिये। क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारी को कहा थाना पहुंचने वाले लोगों के साथ शिष्ट व्यवहार करें। किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन और शराब बिक्री की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नपेंगे। हर हाल में पोस्तो की खेती, बालू उत्खनन व शराब



तस्करी पर रोक लगनी चाइए। साथ ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। एसपी ने कहा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं रात्रि-गश्ती करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा हर हाल में अवैध शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए सभी प्रभारी और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिये। उन्होंने रात्रि गश्ती तेज करने व कांडों का निष्पादन त्वरित गति से करने को कहा। मौके पर एसपी ने कहा अच्छा काम करने वालों से ही थाना चलवाया पाएंगे। सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी अभी से चेत जायें। शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है। थानों पहुंचने वाले सभी मामलों को निष्पादित करें। साथ ही अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। किसी थाना क्षेत्र में अवेध शराब बिकने पर कार्रवाई होगी। क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिसों का तामिला की समीक्षा की। मौके पर सभी पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी शामिल रहे।

# हिंसा मामले में बीजेपी नेता समेत तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में बीते दिनों हुए विवाद और हिंसा के बाद अब पुलिस ने लोगों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। जमशेदपुर में रामनवमी झंडे के कथित अपमान को लेकर हाल में भड़की हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता सहित तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने भाजपा जमशेदपुर महानगर कमेटी के उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा को मंगलवार रात गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 70 लोग गिरफ्तार जानकारी देते हुये अधिकारी ने बताया कि शास्त्रीनगर क्षेत्र में दो समुदायों के बीच रविवार को हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक कुल 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जनमें भाजपा नेता अभय सिंह और सुधांशु ओझा भी शामिल हैं। इस बीच, शास्त्रीनगर में हुई हिंसा के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किये गये एक वकील को हथकड़ी लगाये जाने के विरोध में वकीलों ने बुधवार को यहां की एक स्थानीय अदालत में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। जमशेदपुर अदालत में वकालत करनेवाले वकील चंदन चौबे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और हथकड़ी लगा दी थी। चौबे को हथकड़ी लगाये जाने का कड़ा विरोध जमशेदपुर बार एसोसिएशन की तदर्थ समिति के प्रमुख अजीत अंबष्ठ ने कहा, हम चौबे को हथकड़ी लगाये जाने का कड़ा विरोध करते हैं और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ 12 घंटे के अंदर कार्रवाई की मांग करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा, हम उपायुक्त से मुलाकात करेंगे और चौबे के साथ किये गये व्यवहार से उन्हें अवगत करायेंगे।

# भाजपा नेता अभय सिंह के परिवार से मिले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों लौहनगरी जमशेदपुर में भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के मामले में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय जमशेदपुर पहुंचे। बुधवार को उन्होंने काशीडीह पहुंचकर अभय सिंह के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने कहा अभय सिंह के घर से तीन थाना की दूरी पर यह घटना हुई।

उसके बाद भी प्रशासन कार्रवाई करते हुए अभय सिंह को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा प्रशासन की कार्रवाई में उसका अपना वास्तविक चेहरा नहीं, बल्कि वर्तमान राज्य सरकार के एक मंत्री का हाथ है।

वहीं एक कंपनी की भूमिका भी संदिग्ध है। श्री राय ने कहा इस



मामले में दलगत राजनीति के प्रभाव और द्वेष में आकर प्रशासन को मोहरा बनाया गया। जिला प्रशासन अविलंब गिरफ्तार निर्दोष लोगों की वास्तविक समीक्षा और जांच कर रिहा करें।

अन्यथा भाजपा उन परिवारों के साथ है जरूरत पड़ी तो पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# हेमंत सरकार के तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झारखंड की बदल रही है डेमोग्राफी: दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने जमशेदपुर में प्रेस वार्ता करते हुए हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जमशेदपुर की घटना में सत्ताधारी दल के इशारे पर प्रशासनिक पदाधिकारी समाज को बाँटने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया। पूरे प्रदेश में योजना बनाकर बहुसंख्यक समाज के मंदिरों पर आक्रमण किया जा रहा है। पलामू, लोहरदग्गा, राँची जैसे स्थानों पर साजिश रची गयी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मध्यम से पीएफआई की शाखा के लोग मंदिरों पर हमला कर रहे



हैं। इससे पूरे झारखंड का डेमोग्राफी बदल रहा है। घुसपैठियों के द्वारा आदिवासी बेटियों के साथ शादी कर उनकी जानीने लूटी जा रही है, आर्थिक संसाधन लूटा जा रहा है। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण उपद्रवियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री प्रकाश ने कहा कि जमशेदपुर घटना में भाजपा कार्यकताओं पर बेसलेस एफआईआर किया गया है। पोलिटिकल बेस्ड एफआईआर किया गया है। उन्होंने कहा कि अफसरशाही की प्रकाष्ठा है कि जेल में बंद भाजपा के कार्यकताओं से मिलने नहीं दिया गया। इस क्रम में सांसद व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सांसद विद्युत वरन महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव उपस्थित थें। जबकि झारखंड में खुफिया विभाग पूर्ण रूप से विफल है। पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में प्रदेश के सभी मंडलों में भाजपा ने मनाया काला दिवस श्री प्रकाश ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हेमंत सरकार पुलिसिया तंत्र के माध्यम से जनता की आवाज को रोकना चाहते हैं। सचिवालय घेराव के क्रम में जिस प्रकार से लाठी चार्ज किया गया उसके विरोध में प्रदेश के सभी मंडलों में काला दिवस व पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भाजपा के आंदोलन से डर कर सभी ज़िलों में आने वाले बसों को जाँच के नाम पर रोकने का कार्य किया। यह लोकतंत्र में काला दाग है। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव उपस्थित थें।

महत्वपूर्ण न्यूज

## सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में जिला भाजपा ने फूंका सरकार का पुतला



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश नेतृत्व के द्वारा झारखंड के पूरे जिला से भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सचिवालय घेराव का कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित हुआ था। कल 11 अप्रैल मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता और प्रदेश के नेता सचिवालय घेराव करने लोकतांत्रिक तरीका से जा रहे थे। किंतु राज्य की गठबंधन सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर गोली चलवाने, पानी की बौछार करवाने, लाठी चार्ज एवं आंसू गैस का गोला छोड़ने का कार्य किया गया। जिसमें बहुत सारे नेता कार्यकर्ता घायल हुए हैं। उसी आक्रोश पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर झारखंड के पूरे जिला मंडल स्तर पर झारखंड सरकार हेमंत सरकार का पुतला दहन करने का कार्य किया जाना है। यह सरकार गूंगी बहरी सरकार है, जो आम जनता की आवाज को दबाना चाहती है। यह सरकार हर मोर्चे पर फेल है। इस दमनकारी विरोध पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में रंका मोड़ पर झारखंड सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन एवं काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकालकर शहर का सभी लोगों ने भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री विकास स्वदेशी नगर मंडल के प्रभारी पुष्प रंजन, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, महामंत्री यशवंत मिश्रा, आशीष कश्यप, मनीष कश्यप , बंधु राम, मनीष गुप्ता, टिंकू गुप्ता, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, अंजली गुप्ता, मीना देवी, उषा देवी, राजकुमार गुप्ता, अनवर साह, पृथ्वीनाथ कश्यप, सूरज कश्यप, रूपेश गुप्ता, हनी गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## लाठी चार्ज के विरोध में कांडी प्रखंड भाजपा ने फूंका राज्य सरकार का पुतला



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक के समीप बुधवार की शाम में भाजपा के तत्वावधान में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बेरहमी से लाठी से पिटाई कर कई लोगों को घायल कर दिया। भाजपा झारखण्ड प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। मौके पर रामलला दुबे, अजय सिंह, शशिरंजन दुबे, विनोद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, विनोद दुबे, अंजू देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंका थाना प्रभारी ने अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



**रंका (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 14 अप्रैल जयंती कार्यक्रम को लेकर रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने आयोजक अंबेडकर युवा क्लब रंका कंचनपुर के लोगों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर थाना प्रभारी कुशवाहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी ली। वहीं पैनी नजर रखते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। बताते चलें कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर जी मुख्य अतिथि हैं। इस अवसर पर संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि, अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि, शिक्षक दिलीप कुमार रविदास, राहुल कुमार, पूर्व अध्यक्ष दीपक भीम, अमित कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, रविरंजन कुमार, उज्जवल कुमार रवि उर्फ गोलू जी, आकाशदीप, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, राजेंद्र राम, कृष्णा राम, दिलीप कुमार चौधरी, प्रेम राम, श्रवण राम, सुमिरन कुमार, रंजन कुमार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** संग्रहे पंचायत के पूर्व मुखिया अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल

# व्यक्ति की नहीं, कार्यों की होती है पूछ : मंत्री

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने माला पहनाकर सभी को पार्टी में कराया शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखण्ड अंतर्गत संग्रहे पंचायत के पूर्व मुखिया मुजम्मिल अंसारी अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गए। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर सभी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। बुधवार को गढ़वा स्थित मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। मंत्री ने सभी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

पूर्व मुखिया मुजम्मिल अंसारी ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में काफी बेहतर विकास कार्य हो रहा है। झारखंड के इतिहास में अब महसूस हो रहा है कि राज्य में झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जिससे समाज के सभी वर्गों के लोगों को विकास का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के कार्यकाल में गढ़वा में जितना तेज गति से काफी बेहतर विकास कार्य हो रहा है, आज तक के इतिहास में ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर किसी जात की नहीं बल्कि जमात की राजनीति करते हैं। इन्हीं सब कार्यों से प्रभावित होकर वे लोग पार्टी में शामिल हुए हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे राज्य में हेमंत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्य में प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग अन्य दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। सभी लोगों का झामुमो की ओर झुकाव इस बात को साबित करता है कि गढ़वा सहित पूरे राज्य में सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास कार्य हो रहा है। विकास कार्यों से सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जनता जागरुक हो चुकी है। पहले की तरह नेता अब जनता को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। मंत्री ने कहा किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि उसके कार्यों की पूछ होती है। यही कारण है कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में सभी लोगों का झामुमो की ओर रुझान है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता का प्यार एवं आशीर्वाद मिल रहा है, आने वाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय हो जाएगा।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, फुजैल अहमद, मदनी खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## एआइएमआइएम की टीम ने धुरकी में मृतक के पिता से मिल कर की मामले की जांच

**कहा- गढ़वा एसपी आरोपी इंस्पेक्टर को तत्काल बर्खास्त कर मामले की जांच करायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के झारखंड प्रदेश के सदस्यता अभियान प्रभारी, सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी के डॉ. एमएन खान के नेतृत्व में एक टीम धुरकी में मृतक वसीम सज्जाद के पिता से मिला। उन्होंने बताया कि मेरे पास इंस्पेक्टर साहब का फोन आया। उन्होंने बताया कि आप जल्दी से हॉस्पिटल आ जाइए। आपका बेटा सीरियस है। मैं वहां जब पहुंचा तो देखा कि मेरा बेटा काफी दर्द में कराह रहा है। सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। लड़खड़ाते हुए मेरे बेटे ने बताया कि इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मी द्वारा काफी मारा-पीटा गया है। टीम ने कहा कि पुलिस प्रशासन इसमें सरासर कसूरवार है। गढ़वा एसपी घटना में आरोपी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार को तत्काल बर्खास्त कर उसके खिलाफ जांच की कार्रवाई करें तथा मृतक के परिवार को सरकारी मुआवजा और नौकरी की व्यवस्था की जाए। गढ़वा एसपी अविलंब इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाएं और बालू माफिया और पुलिस प्रशासन जो लोगों को डराकर ट्रैक्टर वाले से ट्रक वाले से जो मंथली पैसा उगाही कर रहे हैं, इस पर पूरी तरह से एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी इस केस पर पूरा निगाह बनाकर रखे हैं।

जांच टीम में गढ़वा रंका विधानसभा प्रत्याशी डॉ. एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, सोशल मीडिया आईटी सेल गढ़वा प्रभारी मजहर हुसैन, हैसियत राज, युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहीम अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तेखार अहमद शामिल थे।

## युवक की मौत के मामले में पिता ने मंत्री को सौंपा आवेदन

**आरोपी इंसपेक्टर को बर्खास्त कर मुआवजा दिलाने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी निवासी वशीम सज्जाद की मौत पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार के द्वारा निर्मम पिटाई करने से मौत होने के आरोप में मृतक युवक के पिता ने मंगलवार को मंत्री मिथलेश ठाकुर को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपी पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार को बर्खास्त कर युवक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। मृतक युवक के पिता ने लिखित आवेदन के माध्यम से मंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि विगत सात अप्रैल की रात्रि में उनका बड़ा बेटा वशीम सज्जाद को पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

मृतक युवक के पिता ने आवेदन के माध्यम से बताया है उसका बड़ा बेटा उसके घर का भरण-पोषण करता था, वही एक घर का कमाऊ सदस्य था। फिलहाल में वह विगत 19 मार्च को उसकी बहन की शादी में मुंबई एलएंडटी कंपनी से छुट्टी लेकर घर आया था। मंत्री को दिए गए आवेदन के माध्यम से उल्लेख किया गया है कि पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार पर धुरकी थाना में हत्या का केस आठ अप्रैल को दर्ज होने के बाद भी अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।

## चचेरे भाई के सीने में चाकू गोद कर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार



**मृतक मोजीब अंसारी का आरोपी फिरदौस अंसारी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था, जिसे लेकर सामाजिक पंचायत में मोजीब के उपर आर्थिक दंड भी लगाया गया था : एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के शक में चचेरे भाई की सीने में चाकू गोंदकर हत्या करने के आरोपी फिरदौस को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजा। भवनाथपुर पुलिस ने मंगलवार की शाम श्रीबंशीधर नगर गढ़वा मुख्य मार्ग से फिरदौस को गिरफ्तार कर थाना लाया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी के खून लगा गंजी को बरामद की है।

उक्त बातो की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बघमनवा टोला निवासी 24 वर्षीय फिरदौस अंसारी पिता इदरीश अंसारी ने अपने चचेरे भाई 18 वर्षीय मोजीब अंसारी पिता अजीमुल्लाह अंसारी को बीते 5 अप्रैल 2023 को छाती में चाकू मार कर घायल कर दिया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद से ही हत्या का आरोपी फिरदौस फरार चल रहा था। गढ़वा एसपी के निर्देश पर श्रीबंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम द्वारा मंगलवार को श्रीबंशीधर नगर गढ़वा मुख्य मार्ग से हत्याकांड के प्राथमिकी अभियुक्त फिरदौस अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि मृतक मोजीब अंसारी का अभियुक्त फिरदौस अंसारी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था, जिसे लेकर सामाजिक पंचायत में मोजीब के उपर आर्थिक दंड भी लगाया था। बीते 5 अप्रैल 2023 की शाम मोजीब अंसारी और फिरदौस अंसारी में लड़ाई झगड़ा के दौरान फिरदौस अंसारी ने अपने चचेरे की छाती में चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। गठित एसआईटी टीम में डीएसपी के अलावे थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, एसआई सहदेव कुमार साह और सशस्त्र बल शामिल थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(समाज कल्याण शाखा)

इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression Of Interest)

निदेशानुसार, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत **Supply of Iron Kadhai and Utensils in Anganwadi Centres (AWCs) in Ramgarh district, Jharkhand** हेतु PR No. 294317 Dated 31.03.2023 (ज्ञापांक 370/स0क0 दिनांक 31.03.2023) से आमंत्रित इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) के कंडिका 9, 10, एवं Sr.No. A Of Evaluation Criteria, Annexure-3 में आंशिक संशोधन किया गया है। साथ हीं पिछले तीन वित्तीय वर्ष में कम से कम 25,00,000/– (पच्चीस लाख) का एक कार्य आदेश संलग्न करने तथा प्रकाशित इच्छा कि अभिव्यक्ति के Scope of work में वर्णित सभी सामग्रियों/वस्तुओं का नमूना (Sample) निविदादाताओं के द्वारा प्रस्तुत करने का बिन्दु जोड़ा गया है। तत्संबंधी शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जा रहा है। **विस्तृत विवरणी रामगढ़ जिला के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।** आमंत्रित इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) के शेष बिन्दु/तथ्य यथावत रहेंगे।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 295014 (Social Welfare,Women and Child Development) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

आवश्यक सूचना

रामगढ़ जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति सम्बन्धित शिकायतों को मरम्मति हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया जा रहा है। जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये जा रहे है :–

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | संबंधित पदाधिकारी का मो0न0 | नियंत्रण कक्ष की दूरभाष सं0 |
|---|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। | (1) श्री शिव कुमार बेदिया, नोडल पदाधिकारी | 9470117226 | 06553 - 223193 |
| | (2) श्री अवधश झा, सहायक | 8809329567 | |
| | (3) श्री मुस्तकीम अंसारी | 9905338118 | |
| | (4) श्री मीर एयाज अहमद | 9905122032 | |
| | (5) श्री रणजीत पासवान | 9693172675 | |
| | (4) मो0 गुलाम जाफर, अनुसेवक | 8541036593 | |

प्रखण्ड स्तर पर भी पेयजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने हेतु सभी प्रखण्ड कार्यालय में एक–एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है। प्रखण्डों के प्रभारी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से उनके निम्न वर्णित मोबाईल नम्बरों पर भी सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

| क्र0सं0 | प्रखंड का नाम | कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 | सहायक अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामगढ़ | शिव कुमार बेदिया | 9470117226 | – – – | – – – |
| 2. | चितरपुर | शिव कुमार बेदिया | 9470117226 | – – – | – – – |
| 3. | दुलमी | शिव कुमार बेदिया | 9470117226 | – – – | – – – |
| 4. | गोला | श्री नवीन कुमार | 9431570629 | श्री शिव कुमार दिनकर | 9430158557 |
| 5. | माण्डू | श्री विमलेन्दु प्रसाद | 9155351313 | श्री शिव कुमार दिनकर | 9430158557 |
| 6. | पतरातू | श्री मिनहाज अंसारी | 9471793990 | श्री जोय कुमार मिंज | 7004085063 |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 294968 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यालय कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़

प्रारूप

अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़– सह– विशेश पदाधिकारी कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़ के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि बाजार समिति, रामगढ़ प्रांगण में उपयोग में लाए जा रहे दुकानों/गोदामों का बकाया किराया विज्ञापन प्रकाशित होनें के एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर भुगतान कर दें। अन्यथा आपके विरूद्ध नियमसंगत कार्रवाईकरते हुए आवंटन रद्द किया जायेगा, बकाया किराया व्यापारियों की सूची निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | फर्म का नाम/प्रो0 का नाम | दुकान/गोदाम सं0 | कुल बकाया किराया की राशि | क्र0 | फर्म का नाम/प्रो0 का नाम | दुकान/गोदाम सं0 | कुल बकाया किराया की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मे0 साहू इन्डस्ट्रीज प्रो0 श्री पशुपति साह | A/9 | 65087.00 | 11 | मे0 किशोर कुमार एण्ड सन्स प्रो0. श्री किशोर कुमार कुशवाहा | V/27 | 69875.00 |
| 2 | मे0 अग्रवाल गल्ला भण्डार, प्रो0. श्री देवदास अग्रवाल | A/10 | 106348.50 | 12 | मे0 पप्पू सोनकर प्रो0. पप्पू सोनकर | V/28 | 171975.00 |
| 3 | मे0 गणेश भण्डार प्रो0. श्री अर्जुन साहू | A/13 | 64405.50 | 13 | मे0 जय माँ लक्ष्मी ट्रेडर्स प्रो0. श्री भोला राम महतो | V/31 | 127275.00 |
| 4 | मे0 दुर्गा भण्डार, प्रो0. श्री दुखन साव श्री राम प्रसाद साव | A/16 | 70955.00 | 14 | मे0 बंसल ट्रेडिंग प्रो0 मनोज बंसल | G/1 | 95120.00 |
| 5 | मे0 साहू एण्ड संस, प्रो0. श्री गोपाल प्रसाद | A/22 | 82250.00 | 15 | मे0 गणेश भंडार, प्रो0 अर्जुन साहू | G/10 | 190695.00 |
| 6 | मे0 बाला जी ट्रेडर्स प्रो0. श्री संजय सिंह श्री सीताराम सिंह | A/24 | 91987.00 | 16 | मे0 गणेश भंडार, प्रो0 अर्जुन साहू | G/11 | 226333.75 |
| 7 | मे0 आर0 के0 ट्रेडर्स श्री दिनेश साव | C/8 | 88010.00 | 17 | मे0 बंसल ट्रेडिंग प्रो0 मनोज बंसल | G/22 | 96884.75 |
| 8 | मे0 मिथिला ट्रेडिंग प्रो0 श्री लाला प्रसाद | D/10 | 197990.00 | 18 | मे0 श्री वैष्णो माता जी इन्टर प्राईजेज प्रो0 अरूण कुमार अग्रवाल | 2500 मे0टन (प0 भाग) | 684375.00 |
| 9 | मे0 लक्ष्मी भण्डार प्रो0 श्री सुभाष प्रसाद अग्रवाल | D/11 | 75620.00 | 19 | एस0 के0 ट्रेडिंग प्रो0. सावर मल अग्रवाल | 1000 मे0टन (खण्ड–ए) | 193918.00 |
| 10 | मे0 लक्ष्मी ट्रेडर्स प्रो0 श्री विनोद कुमार | D/12 | 84116.85 | | | | |

ह0/–
पणन सचिव,
कृषि उत्पादन बाजार समिति,रामगढ़

ह0/–
अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ –सह–
विशेष पदाधिकारी, कृ0उ0बा0स0,रामगढ़

PR 294987 District(23-24).D

**प्रेस कांफ्रेंस :** गढ़वा जिला राजद नेताओं ने झारखंड की गठबंधन सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

# जिले में विधि-व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत है : सूरज सिंह

**धुरकी थाना क्षेत्र में युवक की पुलिस हिरासत में हुई मौत मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बुधवार को राजद नेताओं ने जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि झारखंड में हम सरकार में जरूर हैं। मगर हमलोग पूरी तरह से उपेक्षित हैं। सरकार में ना ही कोई सुनने वाला है और ना ही किसी कार्यक्रम में गठबंधन दल के लोगों की कोई पूछ होती है। जिलाध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि जिले में विधि-व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत है। आम-आवाम का विश्वास उठते जा रहा है। सरकार बनने के बाद जिला स्तर पर गठबंधन दलों के लोगों की समन्वय समिति बनाने की बात हुई थी। साढ़े तीन वर्ष गुजरने के बाद भी समिति का गठन नहीं किया गया। हमलोगों ने प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी सुप्रिमो को भी स्थिति से अवगत कराने का काम किया है।

वहीं धुरकी थाना क्षेत्र में युवक की पुलिस हिरासत में हुई मौत मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग भी की गई है। प्रदेश महासचिव जमीरूद्दीन अंसारी, डॉ मकबूल आलम ने कहा कि जिले में लोग बालू के लिए तरस रहे हैं। वहीं प्रशासनिक पदाधिकारियों की मिलीभगत से बालू माफिया खुलेआम नदियों से बालू का उठाव कर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश भेजने का काम कर रहे हैं। राज्य सरकार में एक व्यक्ति की मनमानी चल रही है। गढ़वा के विधायक मंत्री को गठबंधन दल के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा कि आनेवाले समय में झामुमो के साथ हमलोग गठबंधन नहीं करेंगे। स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। गढ़वा विधायक का कार्यकाल संतोषजनक नहीं है। राजद व कांग्रेस के लोगों को तरजीह नहीं दी जाती है।

वहीं पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि 20 अप्रैल को पलामू जिले के ढाचाबार स्थित पैतृक गांव में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। जिसमें बिहार व झारखंड के कई पूर्व व वर्तमान मंत्री मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि वे अपने गांव में संविधान निर्माता की प्रतिमा लगाएं, जो आज पूरी हो रही है। पत्रकार वार्ता में जिला सचिव लाल मोहम्मद, राम नरेश राम आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# भावी पीढ़ी के लिए भी सरकारी स्कूलों के स्तर में सुधार जरूरी : कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



राज्य स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति को संबोधित करते पद्मभूषण कड़िया मुंडा।

**खूंटी।** स्वयंसेवी संस्था लीड्स और ब्रेड फॉर द वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) सम्मलेन का आयोजन बुधवार को लीड्स के पेरका स्थित रिसोर्स सेंटर में हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि हमारी आगे की पीढ़ी और सुखी, संपन्न और ज्ञानवान हो इसके लिए सरकारी स्कूलों में पढाई के स्तर को सुधारना होगा। लोगों को अपनी मानसिकता में भी बदलाव लाने की जरुरत है, ताकि सरकारी विद्यालयों के प्रति सकारात्मक सोच बने। कहा कि विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेवारी है कि किसी भी बच्चे की पढाई ना छूटे। वहीं, सम्मलेन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लीड्स के निदेशक एके सिंह ने कहा कि शिक्षा के मुद्दों और स्कूल की बेहतरी के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति और पंचायत प्रतिनिधियों को संवेदनशील बनाना इसका लक्ष्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, तोरपा प्रखंड के प्रमुख संतोष कर मौजूद थे। लीड्स के निदेशक एके सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूल कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं को चिह्नित कर समाधान करने में विद्यालय प्रबंधन समिति की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय प्रबंधन समिति एक कानूनी समिति है जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गठित की गयी है। जन प्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी है कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। इस मौके पर लीड्स की सीनियर प्रोग्राम मेनेजर निर्झरिणी रथ के अलावा आशुतोष जयसवाल, उज्ज्वल अभिषेक, संतोष, वर्षा, राजनंदनी, अनंत, नन्दलाल, राजकुमार, सुभाष, सिकंदर, ग्रेस आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री ने सुनी तोड़ंगकेल और भूत गांव में ग्रामीणों की समस्याएं

# शिक्षा-स्वास्थ्य बेहतर, तो सब कुछ पा सकते हैं : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी पत्नी मीरा मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें तीन बुनियादी बातों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पहला स्वस्थ्य रहना, दूसरा शिक्षा ग्रहण करना और तीसरा रोजगार के अवसर पैदा करना। केंद्रीय मंत्री बुधवार को खूंटी प्रखंड के तोंड़ंगकेल और भूत गांव में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा भी थी। इससे पूर्व अर्जुन मुंडा और मीरा मुंडा बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ और अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर देश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने तोड़ंगकेल और भूत में ग्रामीणों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट, सड़क, राशन नहीं मिलने सहित कई समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। अर्जुन मुंडा ने गांव वालों से उनकी मातृभाषा मुंडारी में बातचीत करते हुए कहा कि स्वस्थ्य और शिक्षा है तो सब कुछ पाया जा सकता है। इसलिए सभी को शिक्षित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांव वाले यह तो देखते हैं कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता कि गांव का कोई बच्चा स्कूल नहीं जा रहा है, तो उसके पीछे का कारण क्या है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सिर्फ स्कूल भेजने भर से कुछ नहीं होगा। वह क्या करता है, इस पर भी ध्यान देना होगा। आजकल पढ़-लिखकर भी नौकरी नहीं मिलती। इसलिए केंद्र सरकार एकलव्य विद्यालय, आइटीआइ जैसी सुविधाएं गांव वालों को दे रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जनधन योजना, पेंशन, राशन, चिकित्सा, हर घर नल योजना के बारे में भी पूछा। खूंटी सांसद ने गांव वालों से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और किसी तरह की समस्या होने पर इसकी जानकारी दें। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, वरिष्ठ नेता भीम सिंह मुंडा, अनूप साहू, खूंटी प्रखंड के प्रमुख छोटराय मुंडा, लीलू पाहन, भूत पंचायत के मुखिया प्रेमचंद टूटी आदि उपस्थित थे। ोटो1

## सिल्ली पॉलिटेक्निक के 22 छात्रों का शारदा मोटर्स इंडस्ट्रीज में हुआ चयन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें सिल्ली पॉलीटेक्निक के अलावे झारखंड के विभिन्न पॉलीटेक्निक कॉलेज के मैकेनिकल संकाय के छात्रों ने भाग लिया। पुणे की शारदा मोटर्स इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के एचआर अप्पा साहिब पाटिल द्वारा साक्षात्कार लिया गया। जिसमें सिल्ली पॉलिटेक्निक के 22 छात्रों का चयन हुआ। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि चयनित छात्रों का फाइनल परीक्षा के बाद नियुक्ति दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक कंपनी मारुति सुजुकी, महिंद्रा जैसी गाड़ियों की सस्पेंशन सिस्टम, व्हील रिम तथा गाड़ियों के पार्ट्स का निर्माण करती है। इस आयोजन में पॉलिटेक्निक के प्राचार्य समीर शर्मा, प्लेसमेंट अधिकारी दीपक कुमार महतो, राजेश गुरिया, मनीष कुमार पाठक, सोमनाथ नाग, बबलू कुईरी का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य समीर शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। कहा कि सिल्ली पॉलीटेक्निक में आगे भी इस तरह के साक्षात्कार का आयोजन होगा और छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रागंण से ही बेहतर नौकरियां मिल पायेगी।

## लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का मौन जुलूस

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा की ओर से मंगलवार को आहूत हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आंदोलन के तहत रांची सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस की ओर से की गई लाठी चर्चा के के प्रतिवाद में भाजपा बुंडू नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार लाठी चार्ज करवाकर कार्यकर्ताओं को घायल भते ही करवा सकती है, लेकिन जनता की आवाज को कभी दबा नहीं सकेगी। इस दौरान भाजपाईयों ने झारखंड सरकार का पुतला भी फूंका। इस मौके पर विवेकानंद जयसवाल, आलोक दास, धीरेन महतो, राजेश उरांव, कैलाश हलवाई, रंजीत लहरी, विनय सिंह, बासु महतो, गणेश महतो, सुदामा महतो, सजल कुंडू, सुबोध मुखर्जी, मनोज चौधरी, शिवा गोस्वामी आदि थे।

## मुरी ओपी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी हिंडालको परिसर में मुरी ओपी के नवनिर्मित भवन का उद्गाटन वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल की ओर से शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि यह नवनिर्मित भवन में सारी सुविधा उपलब्ध है। आने वाले कैदियों के लिए भी जेल में सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। यहां से प्रशासन हर एक गतिविधि पर नजर रखने और आने जाने में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची नौशाद आलम, सिल्ली डीएसपी खीस्तोफर केरकेट्टा, अनगड़ा इंस्पेक्टर नीरज कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सोनाहातु प्रभारी मुकेश हेमरम, राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान, एसआई आशीष रंजन, मुन्ना सिंह, उपप्रमुख आरती देवी, मुखिया लालू उरांव, सोमरा मांझी, पंचायत समिति अरविंद कुमार, पूर्व पंचायत समिति बालिका देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## खलारी डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने शुरू किया 10वीं बोर्ड के छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग

**खलारी (आजाद सिपाही)।** शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। बिना शिक्षा के सकारात्मक प्रगति और उन्नति संभव ही नहीं है। उक्त बातें खलारी स्वयं सेवी संस्था डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के सचिव राहुल राठौर ने कही। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति समाज, दुनिया एवं खुद के लिए उचित निर्णय तभी ले सकता है जब उसमे निर्णय लेने की क्षमता हो। यह क्षमता हमें शिक्षा से ही प्राप्त होती है। बताया कि शिक्षा का महत्व एवं आवश्यकता की गंभीरता को समझते हुए उनकी संस्था खलारी डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की ओर से निर्णय लिया गया है कि जो बच्चे 10वीं बोर्ड में पढ़ाई कर रहे है उन बच्चों को संस्था की तरफ से नि:शुल्क कोचिंग दिया जाएगा। जिन परिवारों के बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर है वैसे बच्चे इस नि:शुल्क कोचिंग में अपना नामांकन करवा सकते है। नामांकन की परिक्रिया शुरू हो चुकी है।

## अंबेडकर जयंती को लेकर खलारी में शोभा यात्रा आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर खलारी में कई जगहों पर गुरुवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। एससी एसटी ओबीसी एकता मंच की ओर से अंबेडकर जयंती को लेकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हाई पासी ने बताया कि शोभायात्रा चुरी सुभाष नगर, केडीएच होते हुए धमधमिया, खलारी, केडी होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंचेगी। इधर तुमांग पंचायत में भी अंबेडकर जयंती को लेकर बाइक रैली निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष सरजू सिंह ने बताया कि पूरे तुमांग में बाइक रैली निकाली जाएगी एवं शाम में धमधमिया बिरसा चौक पर कैंडल जलाया जाएगा।

# पीएलएफआइ का एरिया कमांडर राटा गिरफ्तार

**आरोपित के पास से पिस्टल-कारतूस और पर्चा भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता


गिरफ्तार नक्सली की जानकारी देते एसडीपीओ अमित कुमार व अन्य।

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर रोहित टोपना उर्फ राटा (25) को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर उड़ीकेल खिजुरटोली गांव के टोंगरी से राटा को पकड़ा। वह तोरपा थानांतर्गत महराओड़ा गांव का निवासी है। उसके पास से एक देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस सहित पीएलएफआइ का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे बुधवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि मंगलवार की रात रनिया थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का एरिया कमांडर राटा उर्फ रोहित टोपनो अपने दस्ता सदस्यों के साथ लेवी वसूलने और संगठन का प्रचार-प्रसार करने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के उड़ीकेल, खेरखई, बेलसिया, जराकेल आदि गांवों के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार द्वारा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ 94वीं बटालियन रनिया कैंप के साथ एक टीम का गठन किया। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए रनिया थाना क्षेत्र के उड़ीकेल खिजुरटोली गांव स्थित टोंगरी से राटा उर्फ रोहित टोपनो को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उसके अन्य सहयोगी अंधेरे का लाभ उठाकर सुरक्षित भागने में सफल रहे। बताया गया कि गिरफ्तार उग्रवादी राटा वर्ष 2015 से लूट, डकैती, हत्या, लेवी मांगने और नक्सली घटनाओं में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ तोरपा, कर्रा, खूंटी, एवं मुरहू थाना में लूट, डकैती, हत्या, आर्म्स एक्ट आदि कई संगीन धाराओं में 12 मामले दर्ज हैं। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वहीं, छापामार टीम में तोरपा इंस्पेक्टर के अलावा सीआरपीएफ 94 बटालियन रनिया कैंप के सहायक समादेष्टा के जेम्स रंगमेई, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, रनिया थाना के पुअनि संदीप कुमार सहित रनिया थाना एवं सीआरपीएफ तथा जेएपी के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एसबीआइ कल्याणपुर में शिविर का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कल्याणपुर स्थित मेला टांड़ में बुधवार को एसबीआइ टंडवा की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति योजना और सामाजिक सुरक्षा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्राहकों को विस्तार से जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक ने बताया कि टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में बैंक की ओर से शिविर लगाकर ग्राहकों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न योजनाओं को लेकर कई ग्राहकों ने अपना नामांकन करवाया।

## महात्मा ज्योतिराव फुले भारत के अग्रणी समाज सुधारक और शिक्षक थे : अनिता

आजाद सिपाही संवाददाता


महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक व बच्चे।

**खलारी।** जामडीह स्थित नीलांबर-पीतांबर सनसाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम विद्यालय के निदेशिका अनिता एक्का ने महात्मा ज्योतिराव फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद उपस्थित शिक्षिकाओ एवं बच्चों ने भी बारी-बारी से ज्योतिराव फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। निदेशिका अनिता एक्का ने कहा कि 11 अप्रैल 1827 को ज्योतिराव फुले का जन्म हुआ था। महात्मा ज्योतिराव फुले भारत के अग्रणी समाज सुधारक एवं शिक्षक थे। वहीं ज्योतिराव फुले ने महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा की दिशा में भी काम किया। वे सिर्फ एक सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि एक लोकप्रिय भारतीय विचारक, लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज के निचले तबके की बच्चियों के लिए पहला स्कूल खोला था। उनका योगदान मुख्य रूप से समाज में महिलाओं के उत्थान के लिए था। उन्होंने समाज में जागरूकता लाने के लिए कई प्रसिद्ध पुस्तकें भी लिखी जिसमें गुलामगिरी भी शामिल है। इस मौके पर अनिता कुमारी, सुनीता टोप्पो, सुनीता देवी, अनिता तिग्गा, आरपीआई प्रखंड महासचिव जगदीश गंझू के साथ विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## मुश्किल : भीषण गर्मी की चपेट में आया पिपरवार कोयलांचल

# नदी, तालाब सूखने से गहराया पेयजल संकट

आजाद सिपाही संवाददाता


गर्मी के कारण सूख चुकी बचरा दामोदर नदी।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भीषण और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है। सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जिस कारण चौक-चौराहो व बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ रहता है। कड़ी धूप के साथ चल रही लू ने लोगों को घरों में कैद कर रख दिया है। इधर, गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को रही है। सुबह स्कूल जाने में तो कोई दिक्कत नहीं हो रही है, लेकिन स्कूल से घर आने में पसीने छुट रहे है। इधर, कोयला खदानों में काम करने वाले कोयला मजदूरों को भी काफी परेशानी हो रही है। कोयलांचल क्षेत्र के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कई वर्षो के बाद अप्रैल माह में इस तरह की भीषण गर्मी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मीका प्रकोप और भी बढ़ेगा।

### ग्रामीण इलाके में जल संकट

भीषण भरी गर्मी से कोयलांचल क्षेत्र के सभी प्रमुख नदी, तालाब, कुंआ, नाला सूख चुके हैं, जिस कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है। जानकारी के अनुसार बचरा दामोदर और बचरा सपही नदी से कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। ऐसे में दोनों नदी सूख जाने के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित है। उक्त गांव में पेयजल संकट गहरा चुका है। वहीं गांव में कुआं भी सूखने की कगार पर है,जबकि कई चापाकल खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में आगामी दिनों में उक्त गांव में है पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## कोका चैत पर्व में पत्नी मीरा के साथ शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना का प्रसिद्ध कोका चैत पर्व बुधवार को दोपहरिया घट के साथ शुरू हुआ। जिसमें शिव भारत के रूप में हजारों कोका और भकता गण शामिल हुए। इसमें केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा भी अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ शामिल हुए और कोका व भगताओं का हौसला अफजाई किया। मान्यता के अनुसार हजारों कोका परंपरागत तरीके से भेशभूषा में नाचते-गाते शिव बारात में शामिल हुए। उसमें शामिल पाट भोकता बार-बार बेहोश हो रहे थे, जिन्हें बेंत की लाठी टकराकर शिवा बेनी भे कहकर और तमाड़ राजबाटी के निकट बकरे की बलि देकर होश में लाया गया। तमाड़ राजबाटी में भक्ताओं को चना-गुड का प्रसाद दिया गया। बतातें बुधवार को जागरण की रात होगी। इससे पहले दुबराज घाट से नहा घोकर भकता नाचते-गाते शिव मंदिर मंडप में परिक्रमा कर तमाड राजाघर पहुंचे।

## गोली-बंदूक के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाह रही हेमंत सरकार : कोचे मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और सरकार की विलफताओं के विरोध में सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं वाटर कैनन और लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तोरपा प्रखंड मुख्यालय के सामने झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार गोली-बंदूक के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में भाजपा द्वारा राज्य के हर मंडल में सरकार का पुतला दहन किया जा रहा है। राज्य में महिला विरोधी, जन विरोधी, आदिवासी विरोधी, खनिज और बालू को लूटने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का भाजपा ने संकल्प लिया है। भाजपा कार्यकर्ता लाठी-डंडों से डरने वाले नहीं हैं। जब तक राज्य की भ्रष्ट सरकार नहीं हटती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर जिलाधक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, संतोष जयसवाल, नीरज जयसवाल, रंजीत वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर, भाजपा गोविंदपुर मंडल में युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता की अगुवाई में कला पट्टा लगाकर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर मधुसुदन साहू, शंकर दास, निखिल साहू, उज्ज्वल मिश्र, पिंटू साहू, शिवेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू आदि उपस्थित थे।

## प्रधान जिला जज ने की राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें खूंटी एसडीओ, एलडीएम, सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थायी लोक अदालत के सदस्य शामिल हुए। प्रधान जिला जज सह डालसा अध्यक्ष ने न्यायिक पदाधिकारियों और सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने-अपने वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन करा सकेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अवश्य पहुंचे और न्यायालय में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। उक्त जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोरंजन कुमार ने दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराएं। बताया कि उक्त लोक अदालत में लगभग पांच हजार से अधिक मामलों के निष्पादन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च से ही प्रीकोंशिलियेशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।

## अनगड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुंह में काली पट्टी बांधकर किया विरोध-प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठी बरसाये जाने के खिलाफ बुधवार को अनगड़ा गोंदलीपोखर में भाजपा कार्यकताओं ने मुंह में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में राज्य सरकार का पुतला भी फूंका गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, नरेश साहू, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, सुप्रेस महतो, सुनील महतो, जगेश्वर महतो, अगमलाल महतो, संतोष महतो, घनेनाथ महतो, छकनलाल महतो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नगड़ी मंडल भाजपा ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मंडल के अध्यक्ष राकेश केसरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय घेराव में हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को नगड़ी चेकपोस्ट में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेकपोस्ट से रैली निकालकर सरकार के विरोध में नारे लगाए। मौके पर मुख्य रूप से वरीय भाजपा नेता पंकज शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, दौलतराम केसरी, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो, हेमंत केसरी, हिन्दूवा उरांव, कुनाल शाहदेव, भोला महतो, अर्जुन महतो, बिजू महतो, मनीष केसरी, जय किशन महतो, अरविंद केसरी, अनिल गोप, दीपक केसरी, मुकेश महतो, विकास उरांव, नंद किशोर महतो, निरंजन महतो, साजन मुंडा, संजय मुंडा, लच्छू उरांव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया।उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ायें। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है इसके साथ हिट एंड रन एवम गुड समरिटन के बारे मे बतलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर गढ़वा संजय बैठा, नीरज पांडे, शिक्षक अन्य शामिल थे।

## नर्सिंग छात्रों ने लैंप लाइटिंग सेरेमनी में मरीजों की सेवा का लिया संकल्प



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बुधवार को लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मरीजों की हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल साह, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, कालेज के सचिव वीरेंद्र प्रसाद, निदेशक लव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कॉलेज में एएनएम जीएनएम की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों को याद कराते हुए शत प्रतिशत निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई एवं लाइट लैंपिंग कराई गई। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने एएनएम जीएनएम को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा व्यवस्था आपके बगैर अधूरी रहेगी, जब तक आपका पूर्ण सहयोग न मिले चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता हासिल नहीं की जा सकती। आप सबों के ऊपर मानवता की रक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षा को पूरा करने की जिम्मेवारी है। डॉ अनिल साह ने कहा कि कालेज की ओर से अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाई में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि इन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। सचिव वीरेंद्र प्रसाद तथा निदेशक आलोक कुमार सिंह ने एएनएम जीएनएम के विद्यार्थियों को पूरी एकाग्रता एवं समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्व की पहली आधुनिक युग के नर्स फ्लोरेंस नाइटेंगल द्वारा समाज के लोगों को किए गए सहयोग एवं स्वास्थ्य के प्रति उनका योगदान पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी गई। सचिव वीरेंद्र प्रसाद ने कहा की हर सीनियर अपने से जूनियर विद्यार्थियों को सहयोग करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उस अवसर पर डॉ आयुष कुमार, नवीन कुमार, रामाकांत प्रसाद, पंकज कुमार, अनुज कुमार, हुमायूं कबीर, बीटीएम दिपेश तिवारी, किंजल सिंह राठौर, अंजनी कुमारी, अर्चना कुमारी, मनीष तिवारी, श्रीकांत चौधरी, पंकज कुमार, अजीत कुमार, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, रंजन कुमार साइट अन्य कालेज कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** अनगड़ा के राजाडेरा खिजरीटोली में झंडागड़ी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सरना धर्मावलंबियों ने मां सरना की आराधना कर जलार्पण किया

**सिल्ली विधायक सुदेश महतो एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप हुए कार्यक्रम में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आदिवासी विकास सरना प्रार्थना सभा की ओर से बुधवार को राजाडेरा खिजरीटोली सरना अखड़ा में समारोहपूर्वक झंडागड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस समारोह में दूरदराज सहित आसपास के सैकड़ों सरना धर्मावलंबी महिला पुरूष शामिल होकर मां सरना की अराधना कर जलार्पण किया। कार्यक्रम में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, आजसू के केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, चंद्रकला भगत, प्रकाश लकड़ा, जलनाथ चौधरी, जगरनाथ महतो आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए तथा मां सरना को नमन किया। इससे पहले धर्म मां चारी उरांव ने पूरे विधि विधान के साथ मां चाला एवं धर्मेश भगवान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए समाजसेवी पारसनाथ उरांव ने कहा कि आदिवासियों की सभ्यता, संस्कृति, परंपरा एवं पहचान को बरकरार रखने के लिए सरना धर्म कोड को अविलंब लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सरना स्थल में 19 गरीब अनाथ बच्चों को वे अपने खर्चे से शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। धर्म मां चारी उरांव ने सुदेश कुमार महतो से सरना धर्म कोड को लागू करने की दिशा में पहल करने की मांग की।

मौके पर सुदेश कुमार महतो ने सरना धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों की पहचान प्रकृति से जुड़ी है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है। सरना धर्म कोड को लेकर उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में आजसू द्वारा आयोजित धरना कार्यक्रम में सरना धर्म कोड लागू करने को लेकर आवाज बुलंद किया जाएगा। यह भी घोषणा की कि अब इन 19 गरीब अनाथ बच्चों की पढ़ाई लिखाई की जिम्मेवारी सुदेश महतो लेते हैं।




### इसाई बने रंजन कच्छप के परिवार ने की घर वापसी



समारोह में खिजरीटोली के रंजन कच्छप के परिवार ने इसाई धर्म छोड़कर पुनः सरना धर्म में वापसी की। रंजन कच्छप एवं पत्नी मंगरी मुण्डा ने वर्षों पहले सरना धर्म को त्याग कर इसाई धर्म को अंगीकार किया था। बुधवार को धर्म मां चारी उरांव द्वारा पारंपरिक तरीके से शुद्धीकरण कर रंजन कच्छप व मंगरी मुण्डा की घर वापसी करायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्म मां चारी उरांव, धर्म पिता बंधु उरांव, पारसनाथ उरांव, हिरदू उरांव, मंदू उरांव, बैजनाथ उरांव, हरखु मुण्डा, विनोद उरांव, मदन बेदिया, भजन बेदिया, प्रेम उरांव, सुनिता उरांव, संध्या बाण्डो, सुकरमनी उरांव, सरिता उरांव आदि का योगदान रहा।

## विधायक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र और पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**कहा- उपकेंद्र के बन जाने से सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी लाभ होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/सिकिदिरी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने सबसे पहले कुच्चू पंचायत के डिमरा गांव में 15वें वित्त आयोग मद से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद राजाडेरा पंचायत में अनाबद्ध निधि अंतर्गत ग्राम राजाडेरा के खिजरी टोली सरना अखाड़ा से चारी उरांव के घर तक बनने वाले एक हजार फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर राजेश कच्छप ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेन्द्र के बन जाने से सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी लाभ होगा। अब ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं इस पीसीसी पथ के बन जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सचिन नायक, सिदिक अंसारी, सरस्वती देवी, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, जॉन तिग्गा, साकीर अंसारी, युनूस अंसारी, सफीक अंसारी, अजय तिर्की, अजय आर्या, कुलेश्वर मुण्डा, मंजु तिर्की, नईम अंसारी, रोहित नायक, अशफाक आलम, मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जोन समुएल तिग्गा, वार्ड सदस्य शंकर बेदिया, पूर्व वार्ड सदस्य सावना बेदिया, दुखना बेदिया, जगमोहन बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, सुकरा बेदिया, एतवा बेदिया, अशोक बेदिया, मालिया बेदिया आदि मौजूद थे।

## डायन बिसाही के संदेह में भतीजा ने चाची को टांगी से काट कर की हत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के डुमरी प्रखंड स्थित करंज टोली गांव में रविवार की रात 10 बजे भतीजा ने अपनी चाची को टांगी से काट डाला। जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सोमवार की रात 8:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार करंज टोली डुमरी निवासी 55 वर्षीय कृपा एकका पति तिन्तुस एक्का अपने घर में थी और उसका पति खाना खा रहा था। तभी मृतक का भतीजा चेतन एक्का, पिता विक्टोर एक्का और माता जोसफिना एक्का तीनों घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और डायन बिसाही बोलकर कृपा के सिर में टांगी से प्रहार कर दिया। सोमवार को आरोपी ने डुमरी थाना में आत्मसमर्पण कर दिया।

## पीएलएफआइ के अज्ञात आठ नक्सलियों पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के टेमर करचा गांव में सोमवार को नक्सली संगठन के द्वारा एक रोलर एवं पेवर मशीन को आग लगाने के मामले में बिशुनपुर पुलिस के द्वारा पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया पीएलएफआई नामक नक्सली संगठन के अज्ञात आठ नक्सलियों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर नक्सलियों की धरपकड़ में जुटी हुई है।

मालूम हो कि सोमवार की शाम लगभग 4:00 बजे सत्या कंस्ट्रक्शन के द्वारा जमटी से टेमर करचा तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे एलएनटी रोलर एवं पेवर मशीन को आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं मौके पर मौजूद मजदूर एवं चालक उप चालक का मोबाइल को छीनते हुए उनके साथ मारपीट भी की गई थी। जिसके बाद लगातार पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि तीन दिन गुजर जाने के बाद भी अब तक पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लग पाया है। हालांकि संदिग्ध कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**कार्यक्रम :** पांच दिवसीय झारखंड लोक संगीत, नृत्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का समापन

# भाषा, लोक संस्कृति और परंपरा हमारी पहचान है : सुदर्शन भगत

**कार्यक्रम में अखरा बचाऊ, झारखंड सजाऊ, भारत बढ़ाऊ का लिया गया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** भाषा, लोक संस्कृति व परंपरा हमारी पहचान और अनमोल विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह बातें सांसद सुदर्शन भगत ने कहीं। वे कुंजवन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र चुटिया रांची के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित खुखरागढ़ के मठियानी टोली गांव में बुधवार को अखरा बचाऊ, झारखंड सजाऊ,भारत बढ़ाऊ के उद्देश्य व संकल्प को लेकर आयोजित पांच दिनी झारखंड लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि इस आधुनिक युग के दौर में अखरा का अस्तित्व सिमट रहा है। इसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है। अखरा के तहत हमारी भाषा, संस्कृति, परंपरा व लोक संगीत की रक्षा में कवि, कलाकारों व संस्कृतिकर्मियों के असीम योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने इसकी महत्ता और अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सांसद कोष से एक सामुदायिक भवन बनाए जाने की घोषणा की।

वहीं समारोह में सांसद व अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में सांसद सुदर्शन भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी व कवि सह कलाकार क्षितिज कुमार रॉय ने नागपुरी भाषा, लोक संगीत नाच गान एवं परंपरा की अनमोल विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, सोनाकर नागपुर फिल्म के निर्माता धनंजय नाथ तिवारी व मुखिया जतरू उरांव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं इस समारोह को सफल बनाने में कुंजवन संस्था रांची के अध्यक्ष किशोर नायक, अभिषेक कुमार बड़ाईक, राजेश महली, श्रवण गोप, गणेश मुंडा, किशोर महली, नेहा कुमारी, नूतन लकड़ा, नीलम कुमारी, देवी कुमारी, बालेश्वर नायक, प्रिया खलखो, लक्ष्मी कच्छप तथा खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र बेड़ो के सचिव सुदामा सिंह,प्रभात साहू,स्वराज सिंह, रीतिका देवी, पूनम लकड़ा, वीर कुंवर सिंह, जूली कच्छप, सुजीता केरकेट्टा, संजू मिंज, संध्या मिंज व जया देवी ने सराहनीय योगदान दिया।

समारोह की अध्यक्षता किशोर नायक, संचालन मनीष बरवार व धन्यवाद ज्ञापन सुदामा सिंह ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा खिजरी और टाटीसिलवे मंडल ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किये गये सचिवालय घेराव के दौरान जिला प्रशासन की ओर से लाठीचार्ज किया गया था। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके विरोध में गुरुवार को खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में रामपुर बाजार चौक और टाटीसिलवे मंडल में भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा के नेतृत्व में आरा पंचायत में कार्यकर्ताओं ने काला पट्टा लगाकर राज्य सरकार का पुतला दहन कर काला दिवस मनाया। इस मौके पर अशोक मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार तानाशाही पर उतर आयी है। कहा कि भाजपा के शांतिपूर्ण सचिवालय घेराव कार्यक्रम से घबराकर इस सरकार के इशारे पर प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसमें कुछ कार्यकर्ता घायल भी हुये हैं। मौके पर राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, उमाकांत राय, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, रितेश उरांव, गोरखनाथ सिंह, अंजली लकड़ा, हरीश कुमार गंझू, दिलीप साहू, सुदर्शन गंझू, रवि सिंह, विकास टोप्पो, रवि मुंडा, सहदेव सिंह, राजेंद्र ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ओरमांझी में सांसद-विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ग्रामीण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम कुचू से सदमा मार्ग कुल लम्बाई 6.2 किलोमीटर दूरी का शिलान्यास सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं सांसद ने संवेदक को हिदायत गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत दी। कहा प्रधानमंत्री की सोच है कि ग्रामीण सड़कों को शहर तक जोड़ना है। कोई भी सड़क 10 वर्ष के लिए बनती है, इसीलिए ग्रामीणों का भी अधिकार है कि गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण में देखरेख करें। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो, शशिभूषण कुमार, राजेश गुप्ता, दिलेश्वर साहू, भानु प्रताप महतो, तुलसी खरवार, रमेश उरांव, प्रेमनाथ मुंडा, बालक पहान, संतोष गुप्ता, जयप्रकाश महतो, प्रकाश महतो, अमित राज, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजकीय मवि चकला में उत्कृष्ट ओवरऑल प्रदर्शन के लिए नीला हाउस को किया गया पुरस्कृत



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में कार्यक्रम आयोजित कर वार्षिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नीला हाउस पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ओरमांझी बीईईओ सीमा कुमारी, बीपीओ रीना यादव, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला ने संयुक्त रूप से ब्लू हाउस ग्रुप के कैप्टन दीपिका कुमारी वाइस कैप्टन अमन कुमार को वार्षिक रनिंग हाउस ट्रॉफी प्रदान किया। इससे पूर्व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं हाउस को सहयोग कर रहे हैं। भारती फाउंडेशन के अभिषेक सिंह ने विद्यालय के सभी चारों हाउस रेड हाउस, येलो हाउस, ग्रीन हाउस एवं ब्लू हाउस के बीच खेलकूद, ड्राइंग कंपटीशन सहित कई अन्य गतिविधि सालों भर कराया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस ग्रुप को सबसे अधिक अंक प्राप्त होने पर वार्षिक विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरणमाला तथा संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर बीईईओ सीमा कुमारी, बीपीओ रीना यादव, प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मुस्तफा अंसारी, प्रभा देवी, भारतीय फाउंडेशन के अभिषेक सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### स्कार्पियो और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, एक घायल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोंदा गांव के समीप एनएच 75 पर स्कार्पियो और बाइक की जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत मौके पर हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों ने सीएचसी मेराल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक युवक की पहचान डंडई थाना क्षेत्र के लवाही गांव के रामनाथ राम का 20 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक डंडई थाना क्षेत्र के ही लवाही खुर्द गांव के सिकंदर बैठा का पुत्र मुकेश कुमार रजक 20 वर्ष बताया गया। जानकारी के अनुसार बिना नंबर के स्कॉर्पियो गोंदा से मेराल की ओर आ रही थी जबकि बाइक सवार मेराल से रमुना की ओर जा रहे थे इसी बीच गोंदा गांव के समीप बाइक और स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के बाएं तरफ का अगला चक्का का गुला टूट गया जबकि बाइक के साथ मृतक युवक करीब 20 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजने के बाद यातायात को बहाल कराया, इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा स्कॉर्पियो को थाना लाया गया।

# जहां-जहां समस्या होगी, वहां निगम देगा यथासंभव पानी: अरुणा शंकर

**महापौर ने चैनपुर-शाहपुर के वार्डों में जाकर पानी की समस्या का खुद लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों से बातें करते महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को खुद चैनपुर शाहपुर के वार्डों में जाकर निगम की ओर से कराई जा रही टैंकर से जलापूर्ति का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं-लड़कियों को आश्वस्त किया कि वो लगातार निगम के सभी क्षेत्रों में जायेगीं और जहां भी पानी की समस्या होगी वहां तत्काल यथासंभव टैंकर से पानी बढ़ा कर दिया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि अभी सभी वार्ड में (1/2 वार्ड छोड़कर) पार्षदों के माध्यम से पांच-पांच टैंकर पानी की आपूर्ति की जा रही है। जरूरत पड़ी तो और टैंकर बढ़ाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि मेरी विशेष निगाह ड्राइ जोन (सूखे इलाके) में है। मैं खुद ड्राई जोन में जाऊंगी और जहां-जहां जितनी पानी की आवश्यकता होगी निगम की ओर से आपूर्ति किया जाएगा। इस क्रम में महापौर ने डोर टू डोर (घर-घर) कचरा उठाव का भी निरीक्षण किया। लगे हाथ कर्मियों को कई निर्देश भी दिये। महापौर ने बताया कि पूरे निगम में लगभग 150 प्वाइंट नई बोरिंग कराई जा रही है, ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। महापौर ने कहा मिनी बांध शहर के पानी का लेवल बढ़ाने का एकमात्र विकल्प। मैं सरकार एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मांग करूंगी कि कोयल पर शहर के बाहर उचित स्थान पर निगम बोर्ड द्वारा पारित मिनी बांध बनाई जाए, ताकि शहरी क्षेत्र के नदी में पांच फीट पानी हमेशा बना रहे। जिससे शहरी क्षेत्र के हर बोरिंग और कुएं में पानी आ जाएगा और जानवरों को भी नदी में जगह-जगह पानी सुलभ तरीके से मिल सके। साथ ही किसान भी जमीन सिंचित कर पाए।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : जिलेभर में 20 अप्रैल को चलाया जायेगा दवा खिलाओ अभियान

# 1-19 साल तक के बच्चों को दवा खिलायें, निरोग रखें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत एक से 19 साल तक के किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। यह गोली जिले में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलायी जायेंगी। उक्त बातें डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। वे बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व आईसीडीएस को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए कुल लक्षित 11 लाख 12 हजार 829 बच्चों को गोली खिलाने पर बल दिया। कहा कि 20 अप्रैल को दवा सेवन से वंचित बच्चों को दवा खिलाने के लिए 25 अप्रैल को दोबारा अभियान संचालित कर दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए आप सभी लोग बेहतर रणनीति व अति शुक्ष्म योजना बनायें। इसके अलावे बैठक में डीआरसीएचओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कृमि संक्रमण से बचाव, इलाज और फायदे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अभियान के दौरान आनेवाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उसके समाधान के विषय पर भी बात की। बताया कि दवा खिलाये जाने के बाद किसी को स्वास्थ्य संबंधित समस्या आती है तो ऐसे में 104 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन किया जा सकता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नंबर 18001803024 भी क्रियाशील है। बैठक में उपरोक्त के अलावे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व आईसीडीएस से जुड़े लोग उपस्थित रहे।



अभियान की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू डीसी ए दोड्डे।

### डीसी ने सभी अभिभावकों से की सहयोग की अपील

**डीसी ने जिले के सभी अभिभावकों से भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। कहा कि अल्बेंडाजोल गोली खाने से किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है, बल्कि इसका सेवन करने वाले बच्चों का स्वास्थ्य उत्तम रहता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि अगर उनके बच्चे 1-19 वर्ष के बीच के हैं तो वे अपने बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलायें।**

# प्रखंड कोऑर्डिनेटर ने अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जलसहियाओं के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आंकड़ा संग्रह को लेकर बुधवार को जल सहिया के साथ प्रखंड कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह ने बैठक की। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के लिए ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के लिए आंकड़ा का संग्रह अनिवार्य है। जल जीवन मिशन के लिए बनी कमेटी विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी का खाता बंद कराने, नए शौचालय निर्माण के लिए ऑनलाइन इंट्री की जांच पर चर्चा की गई। कहा कि सभी की सामूहिक सहभागिता से सरकार की स्वच्छता भारत मिशन अभियान को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर ब्रजेश सिंह, जल सहिया सबिता देवी, प्रियंका और शारदा देवी आदि थीं।

# डीसी के निर्देश पर संत मरियम स्कूल की समय सारिणी में किया गया परिवर्तन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए डीसी ए दोड्डे ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के समय सारणी में परिवर्तन करने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने अपने समय सारणी में परिवर्तन कर दिया है। सीनियर विद्यार्थियों के लिए समय सुबह सात से 12.30 बजे और जूनियर विद्यार्थियों के लिए सुबह 7.30 से 11.30 बजे कर दिया गया है। तक किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी अभिभावकों से अपील की कि गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ख्याल रखें। उन्हें खाली पेट स्कूल ना भेजें। लंच, पानी का बोतल और तौलिया जरूर दें। साथ ही स्कूल से घर जाने के बाद उन्हें धूप में न निकलने दें।

# पलामू भाजपा ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका



**मेदिनीनगर/उंटारी रोड (आजाद सिपाही)।** भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झारखंड सरकार का पुतला लेकर गीता भवन से छह मुहान चौक तक विरोधी प्रदर्शन किया। सचिवालय घेराव के दौरान मंगलवार को पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज का विरोध कर रहे थे। इस दौरान भाजपाईयों ने झारखंड सरकार का पुतला भी दहन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में लूट-भ्रष्टाचार का सरकार चल रही है। इसके प्रतिवाद में जब भाजपाईयों ने सचिवालय का घेराव करना चाहा तो भयभीत सरकार ने पुलिस की मदद से लाठी चार्ज कर आवाद को दबाने की कोशिश की, लेकिन हम और उत्साह के साथ आंदोलन करेंगें। इस मौके पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, बिपिन बिहारी सिंह ,अविनाश वर्मा, परशुराम ओझा, अजय तिवारी, अमित तिवारी, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, अजय सिंह, श्याम बाबू, प्रदीप सिन्हा आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, उंटारी रोड के ग्राम सलखनी में मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अगुवाई में प्रदर्शन करते हुए झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। मौके पर रघुवीर चंद्रवंशी, पवन गुप्ता, सूरज कुमार विश्वकर्मा, अरविंद मेहता, सुमन गुप्ता, जितेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र नाथ तिवारी, सूरज तिवारी आदि थे।

## स्पोर्ट्स

# शूटिंग फिर से पुराने फॉर्मेट में ही, आइएसएसएफ ने वापस लिये नियम



**2020 ओलिंपिक के बाद बदले थे नियम, टॉप-2 शूटर्स के बीच होता था फाइनल्स**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शूटिंग की सबसे बड़ी संस्था इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आइएसएसएफ) ने नए नियमों को वापस ले लिया है। अब पेरिस ओलिंपिक-2024 पुराने नियमों के तहत खेला जाएगा। इन्हीं नियमों के तहत 2021 में टोक्यो ओलिंपिक खेला गया था। दरअसल, टोक्यो ओलिंपिक के बाद आइएसएसएफ ने नियमों में बदलाव किए थे। आइएसएसएफ ने 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों के बाद पिस्टल और राइफल निशानेबाजी में विजेता का फैसला करने के लिए फाइनल में अतिरिक्त चरण की शुरूआत की थी। इसमें टॉप-2 शूटर्स के बीच मुकाबला होता था। ब्रॉन्ज के लिए अलग मुकाबला होता था। बदले हुए नियम 8 से 15 मई के बीच आयोजित होने जा रहे बाकू वर्ल्ड कप से लागू होंगे।

### अब निशानेबाजों को मिलेंगी पांच शॉट की दो सीरीज

नए नियम के अनुसार फाइनल में सभी आठ निशानेबाजों को पांच शॉट की दो सीरीज मिलेंगी। इसके बाद 14 एकल मैच शॉट होंगे जहां आठ फाइनलिस्टों में सबसे कम अंक प्राप्त करने वाला निशानेबाज 12वें शॉट के बाद बाहर हो जाएगा और यह प्रक्रिया हर दो शॉट पर तब तक जारी रहेगी जब तक कि पदक विजेताओं का फैसला नहीं हो जाता। विजेता का फैसला करने के लिए फाइनल में कुल 24 शॉट दागे जाएंगे।

### क्या था पुराना फॉर्मेट?

शूटिंग के पुराने नियम के अनुसार सभी निशानेबाजों के बीच क्वालिफिकेशन राउंड होता था। जिसके टॉप-8 निशानेबाज फाइनल राउंड में हिस्सा लेते थे। इस राउंड में निर्धारित शॉट के बाद खिलाड़ी एलिमिनेट होते थे। आखिरी में टॉप-3 में रहने वाले वाले को ब्रॉन्ज, दूसरे नंबर के निशानेबाज को सिल्वर और पहले स्थान वाले को गोल्ड मिलता था।

### क्या बदलाव हुए थे

खेल को दर्शकों के लिए आसान बनाने के लिए फाइनल में एक अलग स्टेज जोड़ी गई थी। जहां पहले की एलिमिनेशन प्रोसिस की जगह टॉप-2 शूटर के बीच गोल्ड मेडल मैच होता था। पहले 16 अंक तक पहुंचने वाला खिलाड़ी गोल्ड जीतता था। जबकि इस मुकाबले के दूसरे खिलाड़ी को सिल्वर से संतोष करना पड़ता था। यह नियम भोपाल वर्ल्ड कप तक लागू रहा।

# जपला एके सिंह कॉलेज में मनायी गयी महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में बुधवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 130 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सूर्य मणि सिंह और संचालन जंतु विज्ञान के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। विदित हो कि राहुल जी का जन्म नौ अप्रैल है, लेकिन उस दिन कॉलेज में अवकाश के कारण बुधवार को मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम, भागो नहीं, दुनिया को बदलो शीर्षक पर वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश की राहुल जी की जयंती पर 2 वर्ष पूर्व की गई परिचर्चा का प्रदर्शन किया गया। मौके पर सुप्रिया कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनम कुमारी, रोशन कुमार, विश्वजीत कुमार आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने राहुल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। प्रो डॉक्टर आलोक रंजन कुमार ने राहुलजी का संपूर्ण जीवन परिचय दिया। एकेडमिक इंचार्ज और आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि प्रायः लोग राहुल जी का मूल्यांकन एक घुमक्कड़, लेखक, विद्वान, साहित्यकार, उपन्यासकार और दुर्लभ ग्रंथों के अन्वेषक के रूप में करते हैं। पर मेरी निगाह में राहुल जी मूलतः विद्रोही थे। इसी रूप को जनता के समक्ष लाने के लिए मैंने एक पुस्तक लिखी है जिसका नाम महापंडित राहुल सांकृत्यायन का विचार-यात्राः सनातनी से साम्यवादी। दरअसल राहुल जी सनातनी से आर्य समाजी हुए, फिर बौद्ध धर्म में दीक्षित हुए और अंततः कम्यूनिस्ट बने। उनकी लिखी सैकड़ों पुस्तकों में विद्रोही तेवर को प्रमुखता से व्यक्त करने वाली दो पुस्तकें 'तुम्हारी क्षय' और 'साम्यवाद ही क्यों'? है। वहीं, अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने विद्यार्थियों को राहुल जी के अंधविश्वास और रूढ़ि विरोधी विद्रोही व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपने समाज और धर्म की कुरीतियों को दूर करने की सलाह दी। इस मौके पर डॉ आनंद कुमार सिंह, डॉ इंदिरा सिन्हा, अरुण कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, रेखा सिंह, ओम प्रकाश सिंह और अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में भाजपाइयों ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका

# जनता का भरोसा खो चुकी हेमंत सरकार : रविंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा के रांचि सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं पर पुलिस की ओर से की गई लाठीचार्ज के प्रतिवाद में बुधवार को काला दिवस मनाया गया। हुसैनाबाद के तीनों मंडल के तत्वाधान में झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेपी चौक से स्टेशन रोड तक जुलूस निकाला। इस दौरान हेमंत सरकार होश मे आओ, गुंडागर्दी नहीं चलेगी के नारे लगाए गए। इसके बाद पुनः जेपी चौक पहुंचकर सभा की गई। कार्यकर्म की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने की। वहीं, अपने संबोधन में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार ने भाजपा के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तानाशाही तरीके से दबाने का प्रयास किया है। झारखंड की जनता की आवाज को दबाने के लिए हिंसा का सहारा लिया गया। यही वजह है की लोगों का विश्वाश वर्तमान महागठबंधन सरकार से उठ चुका है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल संजय सिंह ने कहा कि जब से हेमंत की सरकार बनी है झारखंड में लूट खसोट, बलात्कार की घटना लगातार बढ़ रही है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। खनिज की लूट और तुष्टिकरण के लिए इस निकम्मी सरकार को याद किया जायेगा। हमारी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, रामराज मेहता, प्रशांत सिंह, सचिन आनंद, टिंकू तिवारी, संतोष सिंह, रंजीत पासवान, रनविजय सिंह, रविंद्र सिंह, सचितानंद सिंह, अजय सिंह, मनोज शर्मा, संतोष गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रेमचंद्र चौधरी समेत कई लोग शामिल थे।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023–24

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 28.04.2023 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 29.04.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.04.2023 के अपराह्न 3.30 बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of Boundary wall Balmiki Nagar at Ward No. 13 | 6,82,300.00 | 13,700.00 | 5000 | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 294925 Lohardaga (23-24)_D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 27.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 29.04.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 29.04.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद्, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : DMFT (209/14.03.23)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमरिया | डाड़ी | डाड़ी | सेखावत मिया के घर से सुलेमान मिया के घर तक पीसीसी निर्माण | 420300 | 750 | 8500 | 04 माह |
| 2 | सिमरिया | बानासाड़ी | बानासाड़ी | पक्की सडक से बिच फुटवा सह पर्मेश्वर राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 687700 | 1250 | 14000 | 04 माह |
| 3 | सिमरिया | डाड़ी | कटिया | गोदाम भुईयां के घर पास पुलिया निर्माण | 504700 | 1250 | 10500 | 06 माह |
| 4 | सिमरिया | डाड़ी | कटिया | इश्वरी राना के घर से भीमसेन राणा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 201000 | 750 | 4500 | 02 माह |
| 5 | सिमरिया | डाड़ी | कटिया | तुम्बपत्रा मे मेन रोड से बनवारी राना के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 420900 | 750 | 8500 | 04 माह |
| 6 | सिमरिया | बानासाड़ी | लिपदा | एन0एच0–100 से मो0 अलिहुसैन के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 530200 | 1250 | 11000 | 06 माह |
| 7 | सिमरिया | बानासाड़ी | कुटी | कुट्टी आदिवाशि श्मशान घाट में पीसीसी निर्माण | 786800 | 1250 | 16000 | 06 माह |
| 8 | सिमरिया | पिरी | अमगांवा | गोवर्धन ठाकुर के घर से बिजुल साव के घर तक पीसीसी पथ निर्मण | 432300 | 750 | 8700 | 04 माह |
| 9 | सिमरिया | पिरी | अमगांवा | बासुदेव साव के पुरान घर से प्रभु के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 845600 | 1250 | 17000 | 06 माह |
| 10 | सिमरिया | चोपे | भैयपुर | ग्राम भैयपुर मै लटन भुइयां के घर से बिरेन्द्र यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 853500 | 1250 | 17500 | 02 माह |
| 11 | सिमरिया | चोपे | चोपे | चौरडिह में महावीर साहू के घर से लेकर चमन साहू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 711300 | 1250 | 14500 | 02 माह |
| 12 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | जिरवाखूर्द | मुख्य पथ से हाई स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण एवं पुलिया। | 324500 | 750 | 6500 | 04 माह |
| 13 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | आरसेल | मुख्य पथ से कथारा स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण। | 590800 | 1250 | 12000 | 04 माह |
| 14 | सिमरिया | पिरी | अमगांवा | निरंजन साव के घर से देवी मण्डप तक पीसीसी पथ निर्माण। | 569100 | 1250 | 11500 | 04 माह |
| 15 | सिमरिया | चोपे | चोपे | ग्राम चोपे में राजेंद्र साहू के घर से स्वास्थ केन्द्र तक पीसीसी पथ निर्माण | 796500 | 1250 | 16000 | 06 माह |
| 16 | सिमरिया | पगार | सदमा | जुगल साव के घर से जोधा साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 467300 | 750 | 9500 | 04 माह |
| 17 | सिमरिया | सेरनदाग | सेरनदाग | पक्की सड़क बगरा मोड़ रांची रोड के सटे रघुवीर प्रजापति के घर से रामदेव मिस्त्री के घर तक पीसीसी निर्माण। | 560500 | 1250 | 11500 | 04 माह |
| 18 | सिमरिया | सेरनदाग | दुरदुवा | देवी मण्डप से सुरेश राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 817400 | 1250 | 16500 | 02 माह |
| 19 | सिमरिया | सेरनदाग | बेलगडा | ग्यास मिया के घर से लेकर लुलू कुआ तक पीसीसी पथ निर्माण। | 467300 | 750 | 9500 | 02 माह |

निविदा की शर्तें –

1. जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 294998 DISTRICT (23-24)D

## झारखंड पुलिस अब सरकार की लठैत बनकर कर रही है काम: ढुल्लू महतो



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड में पुलिस अब सरकार की लठैत के रूप मे काम कर रही है। सरकार कोयला चोरी करवा रही और पुलिस चोरी के कोयले की गाड़ियां गिनने में लगी है। उक्त बातें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कही। वे बुधवार को सेंद्रा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यकर्ताओ ने विधायक का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं, सभा की अध्यक्षता मिंटू राउत व संचालन मनोज मुखिया ने किया। इस दौरान कनकनी में धूल-प्रदूषण, कांटा का विरोध, बीसीसीएल द्वारा घर खाली करने के नोटिस दिए जाने और पुनर्वास की समस्या आदि को लेकर चर्चा की गई। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। कहा कि जनता की अनदेखी कर कोई बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग नहीं चल सकती है। किसी भी परेशानी में ढुल्लू महतो उनके साथ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, दलित, गरीबो का इस्तेमाल कर रही है। लोगो का घर तुड़वाने में लगी है। इस मौके पर दिनेश रवानी, अरूण गुप्ता, कृष्णा निषाद, सुरेश महतो, संतोष सिन्हा, विनय चौहान, गुड़िया देवी, भोला बाऊरी, शक्ती बाउरी, सुनील विश्वकर्मा, शंभु चौहान, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## समस्या के निदान को लेकर निरसा बीडीओ ने बुलायी बैठक, सदस्यों ने किया बहिष्कार

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। गर्मी के शुरूआती दौर में ही पेयजल की किल्लत महसूस होने लगी है पानी के अभाव में होने वाली गंभीर स्थिति को देखते हुए निरसा प्रखंड के छह पंचायत निरसा उत्तर, निरसा दक्षिण, निरसा मध्य, पीठाक्यारी, भमाल और हरियाजाम पंचायत के मुखिया ने समस्या के निदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी बिकास कुमार राय का ध्यान आकृष्ट कराया। बीडीओ ने प्रखंड सभागार में बुधवार को बैठक बुलाई थी। जिसमें उप प्रमुख उमा देवी, पंचायत समिति सदस्य चुन्नी देवी, अमन चौरसिया, मुखिया दिनेश सिंह, रिंकू देवी, रीता देवी, जूही कर्मकार सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। जबकि बीडीओ द्वारा किये गए अव्यवहार से क्षुब्ध उपस्थित मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का वहिष्कार कर दिया। उक्त आशय की जानकारी मुखियाओं ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार राय द्वारा अनुचित व्यवहार किये जाने के विरोध में पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार किया हैं। यदि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अपने व्यवहार में सुधार नहीं करते है तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनायें: जिला एवं सत्र न्यायाधीश



बोकारो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्नेशानुसार गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में विभिन्न बीमा कंपनी अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। जिसमें गुरुवार को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने सभी को राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार - प्रसार करने को कहा, ताकि अधिकतम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही ज्यादा से ज्यादा सुलहनीय वादों को आपसी सहमति से निष्पादन करने की बात कहीं। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव नीभा रंजना लकड़ा ने दी।

## मिजिल्स रुबेला टीकाकरण की हुई शुरुआत

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। गोपाल गडेरिया प्राथमिक मध्य विधालय में बुधवार को मिजिल्स रूबेला टीकाकरण की शुरूआत की गई। करीब 45 बच्चों को टीका लगाया गया। यह टीका 9 से 15 साल तक के बच्चों को दिया जाएगा। टीकाकरण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। एएनएम अनीषा भारती ने बच्चों को टीका लगाया। मौके पर प्रधानाध्यापक बीना राजकुमारी, सेविका राखी साहू आदि मौजूद थीं।

### भाजपा के रांची सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस के लाठी चार्ज के विरोध में मौन जुलूस निकाल सरकार का पुतला फूंका

# 2024 में झारखंड सरकार का जाना तय: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के रांची सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग (लाठी चार्ज) के विरोध में बुधवार को बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर 12 खुदीराम बोस चौक से नया मोड़ तक काला पट्टी बांध भाजपाइयों ने मौन जुलूस निकाल। इस दौरान नया मोड़ पर झारखंड सरकार का पुतला भी दहन किया गया। जिसका नेतृत्व विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा था। सभी एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रभात तारा मैदान में सभा कर प्रोजेक्ट भवन की ओर जा रहे थे। पर उन्हें उकसाने के लिए जानबुध कर जगह-जगह बेरिकेडिंग की गई थी। हम लोग प्रशासन से बार-बार आग्रह करते रहे कि शांतिपूर्ण तरीके से हमें आगे जाने दें पर प्रशासन की ओर से बेवजह भाजपा कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस के गोले दागे गए और वाटर कैनन की बैछार करते हुए लाठीचार्ज किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता (बोकारो के भी दर्जनों) घायल हुए। पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई के प्रतिवाद में इस दिन झारखंड के सभी जिलों में काला पटी बांध कर कर मौन जुलूस निकाला गया और सरकार का पुदला फूंका गया। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन जिस तरह बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोकती नजर आई इससे साफ हो गया है कि झारखंड की महागठबंधन सरकार डर गई है। 2024 में झारखंड सरकार का जाना तय हो गया है। वहीं, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहितलाल सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार सत्ता के नशे में चूर है। खनन माफिया, अपराधियों को संरक्षण देकर भय लूट का माहौल बनाया जा रहा है। इस मौके पर लक्ष्मण नायक, संजय त्यागी, चितरंजन साव, माथुर मंडल, महेंद्र राय, विनय आनंद, मुकेश राय, के-के बोराल, सुजीत चक्रवर्ती, पीयूष आचार्या, अनिल सिंह, विनय किशोर, टिंकू तापड़िया, पन्नलाल कांन्दू, बैधनाथ प्रसाद, स्वदेश ख्वास, प्रकाश चटर्जी, प्रकाश प्रामाणिक, गोलू उपाध्याय, राजू गुप्ता और मंतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।



झारखंड सरकार के खिलाफविधायक बिरंची नारायण की अगुवाई में बोकारो में प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

## जल रहे कोयले को पानी से बुझाने के बाद ही किया जाये उठाव : मुकेश सिन्हा

**डीजीएमएस की टीम ने किया हिलटॉप और राम अवतार आउटसोर्सिंग पैच का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** डीजीएमएस की टीम ने बुधवार को कनकनी में हिलटॉप और राम अवतार आउटसोर्सिंग पैच का निरीक्षण किया। दोनों आउटसोर्सिंग पैच के एक-एक वर्किंग प्वाइंट को बारिकियों से जांच की। उत्खनन स्थल का फेस, पानी की स्थिति, ओबीआर डंपिंग स्थल की जांच की। डीजीएमएस के अधिकारियों द्वारा करीब तीन घंटे तक जांच की गई। इस दौरान डीजीएमएस के निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा ने आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों को अग्नियुक्त कोयले को पानी से बुझाने के बाद ही उठाने का निर्देश दिया, ताकि बांसजोडा कोलियरी की घटना की पुनरावृति न हो। खान निदेशक से इस संबंध में जब पत्रकारों द्वारा पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह एक रुटीन निरीक्षण है। डीजीएमएस टीम का नेतृत्व सुरक्षा खान निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा कर रहे थे। इनके साथ सिजूआ क्षेत्र के महाप्रबंधक अनुप कुमार राय क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी जेके जयसवाल, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रबंधक गोपाल जी, सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार, सहायक प्रबंधक अजीत कुमार, सर्वे पदाधिकारी अभय कुमार सिंह, हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी का जीएम अंजय सिंह, वरीय ओवरमैन पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।



## तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग लोदना मोड़ खटाल के समीप बुधवार की सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 65 वर्षीय का वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि बनियाहिर इंद्रा बस्ती (कुष्ठ कॉलोनी) निवासी सोनामणि भक्ति (65) लोदना मोड़ समीप भीख मांगकर जीवन गुजर बसर करती थी। इस दिन सुबह प्रत्येक दिन की तरह ही लोदना मोड़ समीप भीख मांगने के लिए खड़ी थी, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार इंडिका कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना देख आसपास के स्थानीय लोग मदद को दौड़े, लेकिन तब तक कार चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत झरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर कुछ देर में ही झरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और वृद्ध महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमसीएच भेज दिया। साथ ही कार को जब्त कर थाना ले आई। मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई है। उधर, मृतका अपने पीछे एक बेटा अमर भक्ति, बहु सुमित्रा देवी व दो पोता एवं दो पोती को छोड़ गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



वृद्ध महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।**

नगर पंचायत, खूँटी के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC अन्तर्गत संसूचित रिक्त पदों नियुक्ति संबंधित आवश्यक सूचना

नगर पंचायत, खूँटी के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC अन्तर्गत संसूचित रिक्त पदों पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु कार्यालय के विज्ञापन सं0–03/2023 PR.NO.286697 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23*D प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर स्वीकृत आवेदकों का साक्षात्कार (Interview) दिनांक–19.04.2023 के अपराह्न 02:00 बजे से समाहरणालय सभागार में निर्धारित है।

साक्षात्कार (Interview) हेतु सभी स्वीकृत आवेदक निर्धारित कार्यक्रमानुसार ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी।

PR 294941 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–रोहनी कुमारी, उम्र–20 वर्ष,
रंग–साँवली
, उँचाई– 5 फिट,
पहनावा–गुलाबी रंग का सुलवार सुट
पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला रोहनी कुमारी, पे0–ब्रजो बेदिया, सा0+पो0–गोडाडीह टोला, रायकोचा, थाना– सिल्ली, जिला–राँची, जो घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–12/23 दिनांक–29.03.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी सिल्ली, राँची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR295002 (Police)23-24*D

**जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा।**

**Factory Formulated Extruded Mash/Floating Fish Feed आपूर्त्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखंड, राँची के पत्रांक– 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में Factory Formulated Extruded Mash/Floating Fish Feed आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Extruded Mash Fish Feed तथा मत्स्य कृशकों को एवं अन्य विभागीय कार्य हेतु आवश्यकतानुसार 2 mm. एवं 4 mm. Factory Formulated Extruded Floating Fish Feed आपूर्त्ति की जानी है। प्रतिष्ठित एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों/आपूर्त्तिकर्त्ताओं से उपरवर्णित Fish Feed आपूर्त्ति हेतु मुहरबंद निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें जिला चतरा के NIC Website- https://chatra.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

1. प्रति निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Extruded Mash Fish Feed की आपूर्त्ति अधिकतम स्वीकृत राशि मो0–2,000/– रूपये मात्र के अंतर्गत होगा।
2. Extruded Mash Fish Feed, 2 mm. एवं 4 mm. साईज के Floating (Extruded ) Fish Feed की आपूर्त्ति विभिन्न योजनान्तर्गत लक्ष्य के अंतर्गत किया जाएगा।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 3000.00 (तीन हजार रूपये) मात्र
4. परिमाण विपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि :– विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 25.04.2023 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)
5. निविदा डालने की तिथि व समय : 27.04.2023 अपराह्न 11:30 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि : 27.04.2023 अपराहन् 01:00 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जि0ग्रा0वि0अभि0,चतरा।

उप मत्स्य निदेशक
(उत्क्रमित जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा)।

PR 294989 FISH (23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

(तृतीय कॉल)

जिसका PR No. 286094 (Drinking Water and Sanitaion) 2022–23 है।

**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-16/2022-23** **Date - 12-04-2023**

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2022-23 (on Turn Key Basis) | 7C | 7C (i) | Bero | 844.19 | 8.45 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 13-04-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 19-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 20-04-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 20-04-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 7 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

PR 295010 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### दहशत : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

# गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर दहला धनबाद, जमीन कारोबारी की मौत, उसके साथी की भी हालत गंभीर

### सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीएसपी (मुख्यालय), घटनास्थल से चार खोखे बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के संत निरंकारी चौक के समीप बुधवार को एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। वहीं, उक्त गोली कांड में जमीन के एक कारोबारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार साहू के रूप में हुई है। वह कुर्मिडीह का रहने वाला था। इसी हादसे में उसका साथी नरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन दोनों को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि नरेंद्र की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी हेडक्वॉर्टर 1 अमर पांडेय, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार विन्हा दलबल के साथ एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे और घायल नरेंद्र व मृतक राजकुमार के परिजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। घटनास्थल ने पुलिस ने खोखे भी बरामद किए हैं।





### क्या है पूरा मामला

ग्रामीणों की माने तो बुधवार की सुबह जमीन को लेकर कुर्मिडीह क्षेत्र में दो गुटों में झड़प हुई थी। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे बाइक सवार अपराधियों ने राजकुमार और नरेंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया। सफेद रंग की बाइक पर सवार तीन अपराधियों में से दो ने राजकुमार और नरेंद्र पर फायरिंग शुरू कर दी। नरेंद्र अपनी जान बचाने के लिए 100 मीटर तक दौड़ता रहा। इसके बाद एक अपराधी ने उसका पीछा कर उसे भी गोली मार दी। घायल नरेंद्र के हाथ, पीठ और कमर में गोली लगी है। उसकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है।

### मौत की खबर से आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा

वहीं एसएनएमएमसीएच में जब दोनों को गंभीर अवस्था में लाया गया तो राजकुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उक्त खबर सुनते ही राजकुमार के परिजन और परिचित अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अस्पताल में ही हंगामा करने लगे। हालांकि मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें समझा बुझा कर शांत कराया। मृतक के भाई का कहना है कि राजकुमार की किसी से न तो कोई दुश्मनी थी और न ही वो इतना बड़ा कारोबारी था कि उसकी हत्या की जाए।

**राजकुमार ने फरवरी में किया था प्रेम विवाह :** बरवाअड्डा के कुर्मीडीह निवासी राजकुमार ने फरवरी महीने में अपने चचेरे भाई की साली से प्रेम विवाह किया था। अभी तक जो बातें सामने आ रही हैं, उस शादी में भी काफी विवाद हुआ था। पुलिस इस नजरिए से भी जांच कर रही है।

### गहनता से की जा रही जांच : डीएसपी

डीएसपी (हेडक्वार्टर-1) अमर पांडेय ने बताया कि बरवाअड्डा के संत निरंकारी चौक के समीप गोलीबारी की घटना हुई है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत जबकि दूसरा घायल है। घटना की जांच की जा रही। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जाएगा। घटना क्यों और कैसे हुई इस बात जांच की जा रही है।

## आस्था: भाजपा प्रवक्ता ने पुरी में झामू यात्रा में पूजा की

# संबित पात्रा अंगारों पर नंगे पांव दौड़े



### झामू यात्रा की परंपरा में खुद को पीड़ा पहुंचानी होती है

झामू यात्रा की परंपरा के मुताबिक यह एक ऐसी तपस्या है, जिसमें भक्त अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने और देवी मां को प्रसन्न करने के लिए आग पर चलते हैं या शरीर पर कील चुभोकर खुद को पीड़ा देते हैं।

### पात्रा ने राहुल गांधी को मीर जाफर बताया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारतीय राजनीति के आज के मीर जाफर हैं। वे भारत के शहजादे हैं, जो नवाब बनने के लिए लंदन में बयान देते हैं। उन्हें ब्रिटेन में कही बातों के लिए संसद में माफी मांगनी होगी। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी बिना माफी मांगे निकल जायेंगे। हम उनसे माफी मंगवा कर रहेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा पुरी गए। वहां उन्होंने झामू यात्रा के दौरान अंगारों पर लगभग 10 मीटर की दौड़ लगायी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को ओडिशा के पुरी में झामू यात्रा में पूजा की। इस दौरान वह नंगे पांव जलते हुए कोयले पर लगभग 10 मीटर तक दौड़े। इसका 24 सेकेंड का वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में अंगारों पर दौड़ते समय उनके चेहरे पर मुस्कान नजर आ रही है। ग्रामीण भी उन्हें देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं। पूजा के बाद पात्रा ने कहा कि उन्होंने लोगों के कल्याण और क्षेत्र में शांति के लिए भी मां से आशीर्वाद लिया।

### भाजपा नेता ने लिखा- अग्नि पर चलकर देवी मां का आशीर्वाद लिया

पात्रा ने मंगलवार को ट्विटर पर लिखा- शक्ति पूजा हमारी सनातन संस्कृति एवं परंपरा का अहम हिस्सा है, पुरी जिले के समंग पंचायत के रेबती रमण गांव में आयोजित यह दंड और झामू यात्रा इसी प्राचीन परंपरा का प्रतीक है। इस तीर्थयात्रा में अग्नि पर चलकर मां की पूजा-अर्चना एवं आशीर्वाद प्राप्त कर, खुद को धन्य अनुभव कर रहा हूं।

# जी-20 भारत-फ्यूचर एजेंडा पर सोआ ने आयोजित किया वेबिनार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आज तकनीक ने काम करने के तरीके में कई तरह के बदलाव आया हैं। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने कहा कि लोग दुनिया के एक कोने में बैठ सकते हैं और दूसरे कोने में लोगों के लिए काम कर सकते हैं। इस अवसर पर सोमवार को सोआ में आयोजित 'फ्यूचर ऑफ वर्क' विषय पर आयोजित एक वेबिनार में कहा कि हमें तकनीक चाहिए, हमें विज्ञान चाहिए, हमें विभिन्न मुद्दों पर काम करने के लिए अनुशासित लोगों की आवश्यकता है और कार्यस्थल पर विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए वातावरण भी बनाया जाना चाहिए जो भारत की जी 20 अध्यक्षता के अवसर पर प्रोफेसर नंद ने कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्य प्रणाली तैयार करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। प्रो. नंद ने भविष्य के करियर को ध्यान में रखते हुए आजीवन सीखने की क्षमता बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सोआ के इंटरनेशनल रिलेशंस एंड यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक प्रोफेसर नचिकेता के. शर्मा ने भारत में जी 20 की अध्यक्षता पर जोर देने के लिए ओडिशा के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे 'जन भागीदारी' कार्यक्रम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के संदर्भ में सोआ को एंकर संस्था के रूप में अप्रैल माह में बलांगीर, मयूरभंज और क्योंझर जैसे तीन जिलों में जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर सोआ का छात्रमंगल के डीन व सोआ इडब्ल्यूजी के नोडल अधिकारी प्रोफेसर ज्योत रंजन दास ने सारे प्रसंग की जानकारी दी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। चालू
ई.निविदा सं. : पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईपीसी-01-23-24 दो पैकेट सिस्टम
1. कार्य का नाम : प्रधानखुंटा स्टेशन से सिंदरी ब्लॉक हट स्टेशन- 11.602 किमी {चैनेज-1.850 किमी से 13.452 किमी} के बीच प्रधानखूंटा स्टेशन, राखितपुर स्टेशन और सिंदरी ब्लॉक हट स्टेशन के इंटरलॉकिंग से संबंधित कार्यों को छोड़कर, बीजी रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण चालू करने के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के तहत कार्य जिसमें साइड ड्रेन, रिटेनिंग वॉल और सुरक्षा कार्य, माइनर ब्रिज, एलएचएस, लेवल क्रॉसिंग, पी-वे वर्क, इलेक्ट्रिकल टीआरडी (2x25KV) और सामान्य ओएचई (एचटी/एलटी) उल्लंघन सहित इलेक्ट्रिक सामान्य कार्य शामिल हैं। 2. अंकलित मूल्य (₹) : ₹70,78,01,293.03, 3. बोली प्रतिभूति (₹) : ₹35,39,000.00, 4. कार्य पूर्ण करने की अवधि: 540 दिन। प्री-बिड कॉन्फ्रेंस के लिए तिथि और समय 20.04.23 को 12.00 बजे। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 08.06.23 15.30 बजे।
ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/00072/सीओएन/अभि./टी/23-24/52

# वेदांत फेकर में दुर्घटना, 2 लोगों को गंभीर हालत में एयरलिफ्ट किया गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बेहतर इलाज के लिए वेदांता के दो कर्मचारियों को उन्नत चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट किया गया। भद्रक जिले के वेदांत फेकर में एक दुर्घटना के बाद दो गंभीर कर्मचारियों को भुवनेश्वर के एक निजी चिकित्सा केंद्र को एयरलिफ्ट किया गया है। रंदिया वेदांता फैकर कंपनी में कल हुए हादसे में दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे। पहले उन्हें भद्रक जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में भुवनेश्वर के एक निजी चिकित्सा केंद्र में इलाज चल रहा था। भद्रक विधायक संजीव कुमार मल्लिक ने वेदांता की फिकर कंपनी के सीइओ से बात की और सुझाव दिया कि उन्हें बेहतर इलाज के लिए राज्य से बाहर भेजा जाए. बुधवार को ग्रीन कॉरिडोर से अस्पताल से एयरपोर्ट तक लिया गया।

# टिकट नहीं मिलने पर फूट-फूट कर रोए बीजेपी विधायक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद उडुपी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रघुपति भट ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने उनके साथ जो व्यवहार किया है, उससे उन्हें बहुत पीड़ा हुई है। उडुपी में अपने आवास पर भट ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, पार्टी के निर्णय से मैं उदास नहीं हूं। लेकिन जिस तरीके से पार्टी ने मेरे साथ बर्ताव किया है उससे बहुत पीड़ा हुई है। मीडिया के साथ बातचीत में वह अपने आंसू नहीं रोक पाये। उन्होंने कहा कि पार्टी की जिला इकाई के अध्यक्ष तक ने उन्हें पार्टी के फैसले के बारे में सूचित करने के लिए फोन नहीं किया और उन्हें टेलीविजन चैनलों से इसकी जानकारी मिली। भाजपा विधायक ने कहा, अमित शाह ने फोन जगदीश शेट्टार को फोन कर बदलाव के बारे में जानकारी दी। मैं उम्मीद नहीं करता हूं कि शाह मुझे फोन करेंगे, लेकिन कम से कम जिला अध्यक्ष को ऐसा करना चाहिये था। अगर मुझे सिर्फ मेरी जाति के कारण टिकट से वंचित किया गया है, तो मैं इसके लिए राजी नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी को उनके जैसे ह्यबिना थके काम करने वाले लोगों' की जरूरत अब नहीं है।







# एम्स भुवनेश्वर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आइआइटी भुवनेश्वर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के दो प्रमुख संस्थानों एम्स भुवनेश्वर और आइआइटी भुवनेश्वर ने अपनी तरह के पहले प्रयास में एक बेहतर और अधिक सुसज्जित स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए चिकित्सा विज्ञान को प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करने के लिए हस्ताक्षर किये हैं। स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू)। दोनों संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुप्रयोगों जैसे रोग और प्रकोप के शुरूआती निदान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, रोग भविष्यवाणी मॉडलिंग, डिजिटल स्वास्थ्य, उपकरणों के विकास, निदान के लिए उपकरणों और रणनीतियों के लिए अनुसंधान को आगे बढ़ाने में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। और उपचारात्मक उपयोग। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास और आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक श्रीपद कर्मालकर ने कल शाम एम्स में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। यह प्रयास क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य और रोगी उपचार में वर्तमान चुनौतियों का समाधान खोजने में सहायता करेगा। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वाश ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल में अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से रोगों के निदान और उपचार में अत्यधिक अनुवाद संबंधी मूल्य होंगे। सहयोग विभिन्न स्वास्थ्य विकारों, सामग्री विकास, ऐप विकास, पहनने योग्य सेंसर विकास, छवि आधारित निदान, एआई और ओएमपी के संबंध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा। डेटा विज्ञान सक्षम स्मार्ट स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली, और अन्य के बीच प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, डॉ बिस्वास ने कहा। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हमेशा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए ऐसे गठजोड़ को प्रोत्साहित किया है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने इस एमओयू को सफल बनाने में सहयोग के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार व्यक्त किया है। आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक श्रीपद कर्मलकर ने कहा है कि आइआइटी भुवनेश्वर और एम्स के कई संकाय पिछले कुछ समय से संभावित आपसी साझेदारी की तलाश कर रहे हैं। इस एमओयू के परिणामस्वरूप ओड़िशा और पूरे देश में इन दो संस्थानों का सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा, जो इन सभी प्रयासों को जोड़ देगा और उन्हें एक शक्तिशाली बढ़ावा देगा। इस एमओयू के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए हम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को धन्यवाद देते हैं। अब हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि यह समझौता ज्ञापन ठोस परिणाम उत्पन्न करे, आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक ने कहा। संस्थान समर्पित प्रयोगशाला विकास पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके तहत 'सेंटर फॉर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' नामक एक उन्नत अनुसंधान केंद्र की भी योजना बनायी गई है, जिसमें बड़े पैमाने पर बायोमेडिकल सिग्नल प्रोसेसिंग, उन्नत लक्षण वर्णन, इमेजिंग के लिए डिटेक्टर निर्माण, डिजाइन सामग्री के लिए योगात्मक निर्माण, बायो ट्रैकर और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए बायोसेंसर विकास शामिल है। सहयोग। इसके अलावा, दोनों संस्थानों ने फैकल्टी और छात्र विनिमय कार्यक्रमों और पुनर्भिविन्यास/ प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को सुविधाजनक बनाने पर सहमति व्यक्त की है जो उनके संबंधित क्षेत्रों में अकादमिक उत्कृष्टता लायेगा।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**